संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 06 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 237 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




राष्ट्रपति द्रौपदी ने शिक्षक दिवस पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करती हुई।

# भारत में 'इंडिया' पर घमासान

- जी20 रात्रिभोज के न्योते में 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' का इस्तेमाल, कांग्रेस ने लगाया 'इंडिया' शब्द हटाने का आरोप

**विपक्ष बिफरा**

**जो निमंत्रण पत्र राष्ट्रपति भवन की तरफ से भेजे गए हैं, उनमें 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' को बदला गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** ने जी-20 सम्मेलन से पहले केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया है कि जी-20 समिट के लिए नौ सितंबर को होने वाले रात्रि भोज के लिए जो निमंत्रण पत्र राष्ट्रपति भवन की तरफ से भेजे गए हैं, उनमें आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' को बदला गया है। रमेश का दावा है कि इसमें इंडिया शब्द को हटाया गया है और 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' का इस्तेमाल किया गया है। जयराम रमेश ने ट्वीट में संविधान का जिक्र करते हुए कहा, "इसके अनुच्छेद 1 में कहा गया है कि भारत, जो कि इंडिया था, वह राज्यों का संघ है। लेकिन अब तो राज्यों के संघ पर भी हमला किया जा रहा है।"

**शशि थरूर बोले- सदियों में इंडिया से बनी देश की ब्रांड वैल्यूः** इस पूरे विवाद पर कांग्रेस नेता शशि थरूर का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि वैसे तो इंडिया को भारत बुलाने पर कोई संवैधानिक आपत्ति नहीं है। यह देश के दो नामों में से एक है। मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार इतनी बेवकूफ नहीं होगी कि इंडिया नाम को पूरी तरह से हटा दे, जिसकी सदियों में बनी एक ब्रांड वैल्यू है।

**इंडिया नाम से डरी है भाजपाः** उधर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने संविधान में संशोधन कर इंडिया का नाम बदलने की अटकलों पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, इंडिया शब्द से यह सहम गए हैं।




## बीजेपी नेताओं ने शुरू किया देश के लिए 'भारत' शब्द का इस्तेमाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विपक्ष** की ओर से अपने साझा गठबंधन को इंडिया नाम दिए जाने के बाद से इस पर राजनीति शुरू हो गई। भाजपा नेताओं की तरफ से इंडिया को लेकर दिए जा रहे बयानों के बीच अब पार्टी के सांसदों ने भी इंडिया की जगह भारत के औपचारिक इस्तेमाल की वकालत शुरू कर दी है। भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने तो इंडिया शब्द को अंग्रेजों की गाली तक करार दे दिया, जबकि असम सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने भी भारत को लेकर ट्वीट किया है।

**क्या बोले भाजपा सांसद हरनाथ यादवः** भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने कहा कि पूरा देश इस वक्त मांग कर रहा है कि हम इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल करें। इंडिया शब्द हमें ब्रिटिश की तरफ से दी गई गाली की तरह था, जबकि भारत शब्द हमारी संस्कृति को दर्शाता है। हमारे



संविधान में भी बदलाव होना चाहिए और इसमें भारत शब्द को जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, "ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी भारत को गरीब और अनपढ़ लोगों का देश बताती है। ब्रिटिशों ने जानबूझकर गुलाम देश को इंडिया से जोड़ा।"

**हमारी सभ्यता अब तेजी निर्भिकता से अमृत काल की ओर बढ़ रहीः** उधर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी भारत शब्द पर जोर देते हुए आम चलन के टर्म 'रिपब्लिक ऑफ इंडिया' की जगह एक्स पर अपने पोस्ट में 'रिपब्लिक ऑफ भारत' इस्तेमाल किया।

## प्रदेश में राज्य चयन आयोग स्थापित होगाः सीएम सुक्खू



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर जिला के नादौन से मुख्यमंत्री सबल योजना का शुभारम्भ किया। इस पहल का उद्देश्य प्रदेश के हमीरपुर, सोलन और शिमला जिलों के 400 विद्यालयों में विशेष देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों को सहयोग प्रदान करना है। यह योजना विशेष रूप से सक्षम बच्चों के क्षमता विस्तार आकांक्षाओं और जीविकोपार्जन में सहयोग से उनके उज्ज्वल भविष्य के दृष्टिगत तैयार की गई है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग की भर्तियों के प्रश्नपत्र बेचे गए, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा इसके दोषियों को सलाखों के पीछे करने के दृष्टिगत कड़े कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मेरिट आधारित और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हमीरपुर में आगामी दो माह में हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग के स्थान पर राज्य चयन आयोग की स्थापना की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस नए आयोग के माध्यम से सभी परीक्षाएं कम्प्यूटर प्रणाली के माध्यम से ली जाएंगी।

## वन नेशन वन इलेक्शन' के समर्थन में पीके

**टीम एक्शन इंडिया/मुजफ्फरपुर**
**जन** सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर (पीके) ने मुजफ्फरपुर में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अगर इसे सही नीयत लागू किया जाए तो राष्ट्र हित में होगा। एक ट्रांजिशन का 4 से 5 साल का फेज हो। जिससे सबको उस व्यवस्था में आने का समुचित समय मिले, तो ये देश के हित में है। पहले देश में 17-18 सालों तक वन नेशन वन इलेक्शन लागू था। दूसरा, भारत जैसे बड़े देश में जहां मैं खुद इलेक्शन से जुड़ा रहा हूं, हर साल 25 फीसदी भारत का हिस्सा करीब-करीब वोट करता है। ऐसे में पूरे समय सरकार चलाने वाले लोग कभी यहां इलेक्शन तो कभी वहां इलेक्शन कराने के चक्कर में फंसे रहते हैं। पीके ने कहा कि एक बार या दो बार चुनाव कराया जाए तो ज्यादा बेहतर होगा। इससे खर्च भी बचेगा और जवाबदेही भी तय होगी। जनता को एक बार ही निर्णय लेना होगा।

## धारा 370 मामले में सुनवाई पूरी

### 5 जजों की संविधान पीठ ने सुरक्षित रखा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आर्टिकल** 370 मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने 16 दिन की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि 5 अगस्त 2019 को संसद ने जम्मू कश्मीर को अनुच्छेद 370 के तहत मिला विशेष दर्जा खत्म करने का प्रस्ताव पास किया था। इसके साथ ही उसे 2 केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में बांटने का भी फैसला लिया गया था।

**दलीलों से संतुष्ट हैं :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और अनुच्छेद 370 मामले में याचिकाकर्ता न्यायमूर्ति (रिटायर्ड जज) हसनैन मसूदी ने कहा,की गई दलीलों से संतुष्ट हैं। कोर्ट में सभी पहलुओं पर ठोस दलीलें दी गईं।

**कौन-कौन रहे सुनवाई के समापन दिन में शामिलः** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई में पांच जजों की संविधान पीठ ने आर्टिकल 370 पर सुनवाई की। इसमें पीठ के न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल रहे।



**दी गई दलीलें**

**5 अगस्त 2019 को संसद ने जम्मू कश्मीर को धार 370 के तहत मिला विशेष दर्जा खत्म करने का प्रस्ताव पास किया था**

## वनडे वर्ल्डकप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वनडे** वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। बीसीसीआई के चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 1.30 बजे टीम के 15 खिलाड़ियों के नाम अनाउंस किए। श्रीलंका के कैंडी में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में अजित अगरकर के साथ टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी मौजूद थे। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरूआत 5 अक्टूबर से हो रही है। भारत का पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को चेन्नई के चेपॉक मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से होगा।

**यह है भारतीय टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, सूयार्कुमार यादव, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव।




# राज्यपाल ने 69 शिक्षकों को किया सम्मानित

## 'डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन आज भी लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत, उनके विचारों को ग्रहण कर सफलता को करें हासिल'

**सम्मान**

**राज्यपाल द्वारा देश के पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया**




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य शिक्षक पुरस्कार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 69 शिक्षको को सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ राज्यपाल द्वारा देश के पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता तथा स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल भी उपस्थित थे। समारोह में स्कूल शिक्षा विभाग तथा यूनिसेफ द्वारा पासपोर्ट टू अर्निंग(पी2ई) फॉर स्कूल्स लर्निंग लिटरेसी कार्यक्रम का ब्रॉशर भी राज्यपाल द्वारा लांच किया गया। समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आदर्श शिक्षक तथा देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के संवाहक प्रख्यात शिक्षाविद, आदर्श शिक्षक और महान दार्शनिक थे। डा0 राधाकृष्णन ने 40 वर्ष एक शिक्षक के रूप में देश की सेवा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही मानव मस्तिष्क का विकास व सदुपयोग किया जा सकता है। जहां कहीं से भी कुछ सीखने को मिले उसे अपने जीवन में उतार लेना चाहिए। डॉ. राधाकृष्णन के विचार आज भी लाखों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके विचारों को अपने जीवन में ग्रहण करके सफलता की बुलंदियों को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षक दिवस के अवसर पर हमें आत्ममंथन करना चाहिए कि सभी को शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य प्राप्त करने में क्या-क्या बाधाएं हैं और उनका निवारण कैसे किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। इसी दिशा में सरकार द्वारा प्रदेश में 1125 विशेष प्रशिक्षण केंद्र खोले गए हैं जिनमें 28,139 आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन को 6 महीनों का विशेष प्रशिक्षण देकर सामान्य स्कूलों में प्रवेश दिलाने की दिशा में काफी अच्छी कोशिश की गई है। ऐसे बच्चों के लिए कदम नामक अध्ययन सामग्री की विशेष टूल किट बनाई गई है। उन्होंने समारोह में नई शिक्षा नीति की भी सराहना की। उन्होंने समारोह में डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि निष्काम अपना काम करने वाला ही शिक्षक होता है। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे इस भाव को हृदय में रखते हुए अपना काम करें ताकि हरियाणा प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि अच्छे शिक्षक देश के निर्माता होते हैं जो विद्यार्थियों को तराशते हुए उन्हें राष्ट्र हित का निर्माण करने के लिए दिशा प्रदान करते है।

उन्होंने मंच से राजा राम मोहन राय, पंडित मदन मोहन मालवीय, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा महान दार्शनिक अरविंद का नाम लेते हुए कहा कि इन महानुभावो ने शिक्षा के स्तर को बढ़ाने में विशेष योगदान दिया।

### शिक्षक देश का भविष्य लिखता है: कंवरपाल

**समारोह** में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि शिक्षक साधारण नहीं होता वह देश का भविष्य लिखता है। उन्होंने कहा कि बच्चे के जीवन में उसके माता-पिता से अधिक प्रभाव एक अध्यापक का होता है। एक अच्छा अध्यापक बच्चों में हुनर तराशने के साथ-साथ उन्हें अच्छे संस्कार देता है। उन्होंने कहा कि एक बच्चे के जीवन में अध्यापक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है जो किसी भी विद्यार्थी के लिए प्रेरणा स्रोत होता है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने अध्यापक द्वारा दी जाने वाली सीख व शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए उन्हें अधिक से अधिक मान सम्मान दे। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ अंशज सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया जबकि मौलिक शिक्षा विभाग के निदेशक आर एस ढिल्लो से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 'युवाओं में अच्छे संस्कार होना अति आवश्यक'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भौतिक निर्माण के साथ-साथ युवाओं में अच्छे संस्कार होने के महत्वपूर्ण विषय पर बल देते हुए कहा कि जीवन में भौतिक निर्माण के साथ-साथ मनुष्य में अच्छे संस्कारों का समावेश होना अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में हमारा पूरा समाज जितना आगे बढ़ेगा, भारत देश उतनी ही तरक्की करेगा। मुख्यमंत्री पंचकूला मे देर सायं आयोजित हमारे भारतीय संस्कारों का महत्व विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्कारों से दृष्टिकोण बनता है और इस प्रकार के आयोजनों से संत समाज द्वारा युवाओं में अच्छे संस्कार उत्पन्न करने का वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में अच्छे संस्कार उत्पन्न करने को लेकर हरियाणा में 1 सितंबर से नशा मुक्ति अभियान के तहत साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इस साईकिल रैली के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं में ज्ञान व शिक्षा के माध्यम से अच्छे संस्कार पैदा करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमारे उत्तम और मजबूत संस्कारों के कारण आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को समाज मे अच्छे संस्कार मिलते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हरियाणा के कुरूक्षेत्र में गीता का उपदेश एकमात्र ऐसा उदाहरण है जहां भगवान कृष्ण युद्ध के मैदान में संस्कार की बात बता रहे हैं। गीता का यह उपदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उस समय था। गीता हमे जीवन जीने की कला सिखाती है और जीवन मे हमारा मार्गदर्शन करती है।

# 'बीपीएस के साउथ कैंपस में शुरू करवाएंगे पैरामेडिकल कोर्सेज'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कहा कि बीपीएस महिला विश्वविद्यालय गोहाना के साउथ कैम्पस में पैरा मेडिकल कोर्सिज शुरू करवायेंगे। इसके लिए उन्होंने कुलपति को विशेष निर्देश दिए जाने की जानकारी दी।

उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मंगलवार को बतौर मुख्यातिथि सोनीपत जिला के गांवों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। इसकी शुरूआत उन्होंने आंवली गांव से की, जिसके उपरांत उन्होंने जागसी तथा कथूरा की जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल हो या किसान आंदोलन प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अंचल को सशक्त बनाने का काम किया है। राज्य सरकार ने इस दिशा में मजबूत कदम बढ़ाते हुए निर्णय लिया है कि गांवों की फिरनी को पक्का किया जाएगा।

**ऐलान**

**जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए 1100 करोड़ रुपये का किया गया आवंटन**

उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि हरी चुनरी कार्यक्रम में जो वादे किये थे वे पूरे किये गये हैं। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तथा राशन डिपो वितरण में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। किसानों को जलभराव की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए 1100 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। ऐसा प्रदेश में पहली बार हुआ है कि एक वर्ष के अंदर ही जलनिकासी के लिए इतने बजट का प्रावधान किया गया हो, जबकि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने अपने पूरे दस वर्ष के कार्यकाल में 400 करोड़ रुपये ही इस कार्य पर खर्च किये।

## बोर्ड की सैकेंडरी (शैक्षिक) पूरक परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ

**चंडीगढ़:** विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जुलाई-2023 में आयोजित करवाई गई सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमैंट, अतिरिक्त विषय, पूर्ण विषय अंक सुधार, आंशिक अंक सुधार व विशेष अवसर परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया गया है। परीक्षा का परिणाम 37.14 फीसदी रहा है। यह परिणाम बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट ६६६,र्रौ.ड्ढद्ग.ल्ल पर आज सायं से देखा जा सकता है। इस आशय की जानकारी देते हुए बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि इस परीक्षा में 37,080 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए थे, जिसमें 20,904 छात्र 16,176 छात्राएं शामिल हैं। यह परीक्षा प्रदेशभर में 71 परीक्षा केन्द्रों पर 27 जुलाई से 18 अगस्त तक संचालित करवाई गई थी।

# नशा मुक्ति सन्देश लेकर झज्जर पहुंची साइकिल रैली



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**नशा** मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर झज्जर पहुंची साईकिल रैली का जोर शोर से स्वागत किया गया। गुरुकुल के ब्रहाचारियों ने प्रातः वंदना के साथ आचार्य विजयपाल के सानिध्य में हवन किया, जिसमें सभी मेहमानों ने पूणार्हुति डाली और नशामुक्त हरियाणा बनाने की शपथ ली। गौरतलब हो कि नशा मुक्ति के खिलाफ एकजुट प्रयासों के आह्वान के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवा - पीढ़ी को नशे से संरक्षित रखने के लिए यह विशेष मुहिम चलाई है। प्रयास है कि इस साईकिल मैराथन मुहिम का हिस्सा बनकर आम - जन और युवा पीढ़ी नशे को जड़ से खत्म करने का संकल्प लेकर देश-प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए आगे आए। अच्छे संस्कार नशे से बचाव का सबसे बेहतरीन तरीका है, प्रयास किया जा रहा है कि दृढ़ संकल्प लेते हुए नशे जैसी बुराई को जड़ से उखाड़ फेंका जाए।

**नशा करता है शरीर व आर्थिक पतन- बोले सांसद**
कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए एक सराहनीय शुरूआत की, जिसे नियमित रूप से किया जाना चाहिए। नशा मुक्ति से युवाओं को खेल व रचनात्मक गतिविधियों की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अब साइकिल यात्रा के माध्यम से नशा विरोधी अभियान चलाया है। इस रैली से झज्जर सहित पूरे हरियाणा को नशा मुक्त बनाने की एक गूंज उठनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को अंदर से खोखला, आर्थिक रूप से खाली बना देता है, जिसका परिवार दुखी और बच्चे लाचारी महसूस करने लगते हैं। हमें संकल्प लेना होगा कि नशे में लिप्त युवाओं को इससे छुटकारा दिलाएंगे। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने सभी मुख्य मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने हरियाणा को नशा मुक्त बनाने का सुंदर सपना देखा है, जिसे साकार करने के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे।

**हवन**

**ब्रहाचारियों ने प्रात: वंदना के साथ आचार्य विजयपाल के सानिध्य में हवन किया, जिसमें सभी मेहमानों ने पूणार्हुति डाली**

साईकिल रैली रूपी इस चेतना यात्रा में बढ़-चढकर हिस्सा लेकर हम नशे के खिलाफ संघर्ष को मजबूती प्रदान कर देश-प्रदेश की तरक्की में योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर बताया गया कि जिले में 8030305020 टोल फ्री नंबर पर सूचना दें। सूचना देने वाले नाम गुप्त रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक डॉ० अर्पित जैन ने मंच से युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा गलत दिशा में लगाते हैं जिससे वे नशे की चपेट में आ जाते हैं। इसलिए युवा वर्ग की ऊर्जा का संचालन उचित दिशा में करने की जरूरत है, जिसके लिए उन्हें जागरूक करना होगा। इस उपरांत महर्षि दयानंद स्टेडियम से बुजुर्ग एथलीट मास्टर साहब सिंह ने हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया।

# जनसंवाद में लोगों की परेशानियों को दूर करने के विभागीय अधिकारियों को दिए कड़े दिशा-निर्देश: मूलचंद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार आम लोगों के हितों को ध्यान में रखकर अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। सरकार गरीब परिवारों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐसे परिवारों की वार्षिक आय को बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन के जीवन को सुगम बनाने के लिए कृतसंकल्प है। मूलचंद शर्मा गत देर सायं हथीन खंड के गांव घुडावली व लखनाका में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों द्वारा रखी गई समस्याओं का समाधान दिलाने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। परिवहन मंत्री ने ग्रामीणों की परेशानियों को ध्यानपूर्वक सुनकर संबंधित विभागों के जिलाधिकारियों को इन समस्याओं का समाधान अति शीघ्र करने के निर्देश दिए। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आमजन को सरकारी सेवा सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।



परिवार पहचान पत्र में दर्ज परिवार की वार्षिक आमदनी के आधार पर ही पात्र व्यक्तियों के बीपीएल तथा चिरायु आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा के कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिनका लाभपात्र परिवार फायदा भी उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान कर रही है। मुंबई बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे, केएमपी, केजीपी, राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह ऊपरगामी पुल निर्माण आदि के माध्यम से आज लोग घंटों के सफर को मिनटों में तय कर रहे है।

**अहम भूमिका**

**मूल चंद शर्मा ने गांव घुडावली के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में अपनी अहम भूमिका निभाई है**

उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आगामी दो महीने में सभी सडकों के सुधारीकरण व सौंदर्यीकरण का कार्य कर दिया जाएगा। इसके साथ-साथ गांवों के 5 करम के रास्तों को हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से पक्का करवाया जाएगा। मूल चंद शर्मा ने गांव घुडावली के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में अपनी अहम भूमिका निभाई है, जिसके परिणाम स्वरूप घुडावली में 1000 लडकों पर 1350 लड़कियों का लिंगानुपात हैं। उन्होंने उजीना से दिन में एक बार चलने वाली हरियाणा रोडवेज की बस को अब से दो बार चलाए जाने के निर्देश दिए।

# गुरुग्राम पहुंची साईकिल रैली का हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ 1 सितंबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा करनाल से रवाना की गई साइक्लोथॉन (साईकिल मैराथन) का गुरुग्राम जिले की सीमा में प्रवेश करने पर महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव, पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, कोसली के विधायक लक्ष्मण यादव, जिला परिषद प्रमुख दिपाली चौधरी, जिला में यात्रा के नोडल अधिकारी व गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव, पटौदी के एसडीएम संदीप अग्रवाल व तहसीलदार रीटा ग्रोवर ने बड़ी सख्यां में पुरूष व महिलाओं, स्कूली बच्चों के साथ जोरदार स्वागत किया।

पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने साईकिल रैली का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह अनुकरणीय मुहिम चलाई है।

हर किसी को इस मुहिम का हिस्सा बनते हुए हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समाज के हर उसे क्षेत्र को छुआ है जिससे देश आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई यह मुहिम निश्वित रूप से हमारी वर्तमान पीढ़ी व आने वाले पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित रखने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि इस नेक कार्य में शामिल साइकिल वाहक विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं, जो जन-जन को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता की अलख जगाने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिलावासी निश्चित रूप से अपने जिले को नशा मुक्त रखेंगे और दूसरे लोगों को भी जागरूक करेंगे।

# 'सरकार ट्रांसजेंडर को देगी नौकरी व शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पहल पर सरकार ने समाज के ट्रांसजेंडर वर्ग के लोगों को भी सरकारी नौकरियों व शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण देने की शुरूआत करने जा रही है। इस कड़ी में पिछड़ा आयोग इस श्रेणी के लोगों से सीधा संवाद कर सुझाव ले रहा है। शीघ्र ही आयोग अपनी सिफारिशें सरकार को सौंप देगा। हरियाणा राज्य पिछड़ा आयोग के चेयरमैन जस्टिस दर्शन सिंह ने आयोग के सदस्य डॉ. एस के गक्खड़ व श्यामलाल जांगड़ा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला समाज कल्याण अधिकारियों व ट्रांसजेंडर वर्ग के लोगों के साथ बातचीत कर सुझाव मांगे। भिवानी की ट्रांसजेंडर तेजस्या महंत का सुझाव था कि जिस तरह हर नर-नारी के लिए सरकारी सुविधाएं मिलती हैं उसी प्रकार ट्रांसजेंडर वर्ग को भी सरकारी सुविधाएं मिलनी चाहिए। समाज को भी हमारे प्रति मानसिकता बदलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महंत व फकीर की कोई जाति नहीं होती। सरकार की ट्रांसजेंडर वर्ग को भी आरक्षण देने की शुरूआत करने के लिए सुझाव माँगना एक अच्छी पहल है। फरीदाबाद के सार्थक शर्मा, चरखी दादरी के लक्ष्य, गुरुग्राम के गुर अनजान सिंह का कहना था कि लोगों की ट्रांसजेंडर के प्रति मानसिकता में बदलाव लाने के लिए प्रारंभ से ही स्कूली पाठ्यक्रम ट्रांसजेंडर के बारे में जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडरों के प्रमाण पत्रों में नाम सुधार के लिए विश्वविद्यालयों में कई -कई वर्ष लग जाते हैं। जिला कार्यालय में सेक्शन - 6 का प्रमाण पत्र मिल जाता है परंतु सेक्शन-7 का प्रमाण पत्र विलंबता से मिलता है। इसके अलावा सरकारी नौकरी के लिए जब आवेदन किया जाता है, तो उनका आवेदन रद्द हो जाता है इसलिए आवेदन फार्म में महिला/पुरुष लिंग श्रेणी के साथ -साथ ट्रांसजेंडरों की श्रेणी का ऑप्शन होना चाहिए।

**पहल**

**जिला कार्यालय में सेक्शन - 6 का प्रमाण पत्र मिल जाता है परंतु सेक्शन-7 का प्रमाण पत्र विलंबता से मिलता है**

**हाईटेक**

## पुलिस मुख्यालय में डीजीपी हरियाणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई 53वीं उच्च स्तरीय स्टेट एम्पॉवर्ड कमेटी की बैठक

# नवीन आपराधिक न्याय तकनीकों को अपना, पुलिस बन रही है हाई टेक: डीजीपी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा पुलिस, भविष्य की बदलती तकनीकी जरूरतों को समझते हुए न्याय प्रणाली में अभूतपूर्व बदलाव ला रही है। पंचकुला स्थित पुलिस मुख्यालय में आयोजित 53वीं उच्च स्तरीय स्टेट एम्पॉवर्ड कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने राज्य भर में लागू की जा रही कई महत्वपूर्ण तकनीकी प्रणालियों का व्यापक मूल्यांकन किया। बैठक में इंटर ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस)-सीसीटीएनएस, नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एनएएफआईएस) और मापन संग्रह इकाइयों (एमसीयू) की स्थापना की प्रगति जैसे मुख्य मुद्दे पर चर्चा हुई। वहीं डीजीपी हरियाणा ने लगातार तीसरी बार अखिल भारतीय स्तर पर जारी नवीनतम (सीसीटीएनएस) प्रगति रैंकिंग में प्रथम स्थान आने पर अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी।

**सीसीटीएनएस रैंकिंग में हरियाणा लगातार तीन महीने से देशभर में प्रथम, नागरिक सेवा पोर्टल में भी सबसे आगे:** राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के निदेशक, एडीजीपी ओपी सिंह ने बैठक में उपस्थित डीजीपी कपूर और अन्य अधिकारियों को राज्य की सफलताओं, प्रगति और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा प्रति माह प्रगति डैशबोर्ड की रैंकिंग जारी की जाती है। उक्त रैंकिंग में हरियाणा प्रदेश आईसीजेएस-सीसीटीएनएस परियोजनाओं को लागू करने व तकनीकी तौर पर विभिन्न मापदंडों में भी लगातार सबसे आगे बना हुआ है। इस अवसर पर, डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने में हरियाणा पुलिस द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और नवीनतम सीसीटीएनएस प्रगति रैंकिंग में लगातार तीसरे महीने शीर्ष स्थान हासिल करने पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। विदित है कि सीसीटीएनएस डैशबोर्ड राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा विभिन्न मापदंडों पर अपराध रिपोर्ट पेश करता है।



**सेवा पोर्टल**

**सीसीटीएनएस रैंकिंग में हरियाणा लगातार तीन महीने से देशभर में प्रथम, नागरिक सेवा पोर्टल में भी सबसे आगे**

**एफआईआर रजिस्ट्रेशन, गैर संज्ञेय रिपोर्ट, मेडिको लीगल केस, गुमशुदगी जैसी जानकारी हुई एक क्लिक पर उपलब्ध :** पुलिस महानिदेशक ने बताया कि राइट टू सर्विस एक्ट के तहत समय सीमा के भीतर नागरिक सेवाएं प्रदान करने के मामले में पुलिस विभाग विभिन्न विभागों में प्रथम रैंक बनाए हुए है। हरियाणा में ई-सरल/हरसमय पोर्टल पर अब तक दो लाख 64 हजार से भी अधिक नागरिक सेवा आवेदन पूरे हो चुके हैं। प्रदेश पुलिस ने पिछले एक महीने में ई-सरल पोर्टल पर प्राप्त कुल 117 शिकायतों में से 113 का समाधान कर लिया है। बैठक में बताया गया कि सीसीटीएनएस के माध्यम से प्रदेश पुलिस द्वारा एफआईआर रजिस्ट्रेशन, गैर संज्ञेय रिपोर्ट, मेडिको लीगल केस, गुमशुदगी, खोई हुई संपत्ति, फॉरेन रजिस्ट्रेशन, अज्ञात व्यक्ति, पर्यवेक्षण रिपोर्ट, अज्ञात मृत शरीर/अस्वाभाविक मृत्यु पंजीकरण है।

## न्यूज फ्लैश

### मानवेंद्र चौहान के सानिध्य में हुआ तृतीय विशाल संकीर्तन कार्यक्रम



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री श्याम** सेवक मंडल करनाल द्वारा रेलवे रोड स्थित खालसा कॉलेज मे तृतीय विशाल संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। श्याम के सेवादार अजय सिंह और डॉयरेक्टर पी के कैमीकल ने बताया कि मानवेंद्र चौहान पुजारी निज मंदिर सेवक सभा एवं ट्रस्टी श्री श्याम मंदिर कमेटी खाटू श्याम के पावन सानिध्य में हुये इस श्याम संकीर्तन कार्यक्रम में विख्यात भजन गायक अधिष्ठा अनुष्का मध्यप्रदेश, प्रिंस बजाज पानीपत एवं मोनू दुआ चंडीगढ़ ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया और अपनी मधुर और भावभरी आवाज से श्याम बाबा को रिझाया। इस मौके पर श्याम बाबा का श्रृंगार सुगंधित फूलों द्वारा किया गया। श्याम सेवक विशाल वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित 521 बासमती राइस के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज गोयल एवं पूर्व विधायक सुमिता सिंह द्वारा ज्योति प्रचंड करने के बाद की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, जुगल बठला, मनोज वधवा, राजेश अघी, प्रवीण लाठर मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक तरुण शर्मा, विशाल वर्मा, मोहित वर्मा, राहुल वर्मा एवं शरद कुमार पुरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# कार फ्री-डे पर डीसी ने पेश की मिसाल

## डीसी खुद कैंप दफ्तर से करीब 3 किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे अपने कार्यालय

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री मनोहर लाल** द्वारा करनाल में प्रत्येक मंगलवार को अधिकारियों के लिए कार फ्री-डे घोषित करने के बाद डीसी अनीश यादव ने इसकी सबसे पहले अगुवाई की। उन्होंने मिसाल पेश करते हुए अपनी गाड़ी छोड़ी और करीब 3 किलोमीटर पैदल चलकर लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ-साथ आम लोगों को भी स्वेच्छा से कार फ्री- में भागीदारी करने का आह्वान किया। अनीश यादव ने कहा कि कार फ्री-डे के दिन अधिकारी कारों को छोडकर साईकिल व पैदल दफ्तर पहुंचे हैं। इससे न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभ मिलेगा, बल्कि यह पर्यावरण की दृष्टि से भी लाभदायक है। उन्होंने कहा कि हम सभी को ऐसा करना चाहिए। उन्होंने करनाल की जनता से आह्वान किया कि सप्ताह में कम से कम एक दिन स्वेच्छा से इस मुहिम में भागीदार बनें। इससे कहीं न कहीं ट्रैफिक जाम की स्थिति से भी निजात मिलेगी।



**मार्किट एसोसिएशन और बाजार एसोसिएशन को आना चाहिए आगेः** डीसी ने कहा कि कार फ्री-डे फिलहाल अधिकारियों के लिए है। आम लोगों के लिए इसे लागू नहीं किया गया है। ऐसा करने से पहले हितधारकों से पूछा जाएगा। उन्होंने कहा कि लेकिन स्वेच्छा से कोई भी इसमें हिस्सा ले सकता है। उन्होंने कहा कि कार फ्री-डे के लिए मार्किट एसोसिएशन व बाजार एसोसिएशन को आगे आना चाहिए। इससे समाज में अच्छा संदेश जाएगा। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभदायक है।

**एसपी शशांक कुमार सावन भी पैदल पहुंचे दफ्तरः** एसपी शशांक कुमार सावन भी मंगलवार को अपने निवास स्थान से दफ्तर तक पैदल पहुंचे।
उन्होंने कहा कि हम सभी को इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए। यह हमारे और पर्यावरण के लिए बेहद लाभदायक है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के सभी अधिकारी इस कार फ्री-डे अभियान से जुड़े हुए हैं। उन्होंने इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका हिस्सा बनने का आह्वान किया।

**एसडीएम अनुभव मेहता पहुंचे साईकिल परः** कार फ्री-डे पर एसडीएम अनुभव मेहता साईकिल पर सवार होकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि 1 सितंबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने साईकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।
उसी दिन उन्होंने कार फ्री-डे की घोषणा की थी। उन्होंने आमजन को भी इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए आह्वान किया। इस दौरान अन्य अधिकारी भी साईकिल व पैदल चलकर दफ्तर तक पहुंचे।

## अध्यापकों के लिए आयोजित किया सम्मान समारोह



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के एडीआर सेंटर में सैशन जज चंद्रशेखर के मार्गदर्शन एवं सीजेएम सुश्री जसबीर कौर के सानिध्य में करनाल के सभी स्कूलों में संचालित लीगल लिटरेसी क्लब के इंचार्ज, कोऑर्डिनेटर एवं मेंबर्स के लिए अध्यापक दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में सभी अध्यापकों ने अपने-अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। सीजेएम सुश्री जसबीर कौर ने सभी लीगल लिटरेसी क्लब के इंचार्ज, कोऑर्डिनेटर और मेंबर्स के बीच में हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के लिए चलाए जा रहे कैंपेन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी अध्यापकों ने सीजेएम का धन्यवाद व्यक्त किया।

## शिक्षक दिवस पर योग गुरु दिनेश को किया गया सम्मानित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**शिक्षक दिवस** के अवसर पर मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक योग गुरु दिनेश गुलाटी को सम्मानित किया गया। योग शिक्षकों और साधकों ने उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। दिनेश गुलाटी ने योग साधकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। शिक्षक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। जो हमारा मार्गदर्शन करते हैं और सांसारिक ज्ञान से अवगत कराते हैं।



कार्यक्रम में उत्सव का सा माहौल रहा। सभी ने प्रसन्नता और खुशी के साथ शिक्षक दिवस मनाया। सभी योग शिक्षकों ने इस अवसर पर अपने शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि शिक्षक प्रेरणा देते हैं और जीवन की नींव हैं। योग के मार्ग को दिखाने वाले गुरु दिनेश गुलाटी हैं, जो आज पूरे भारत को स्वस्थ करने के मिशन में कर्मठता और दृढ़ संकल्प के साथ डटे हैं।
योग शिक्षक नवीन जिंदल, राधिका भाटिया और वीना सेठ ने दिनेश गुलाटी का आभार प्रकट करते हुए अपने संदेश दिए। योग साधकों ने अपने विचारों द्वारा शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अन्य योग शिक्षक वीना धीर, बरखा जिंदल, राधिका भाटिया, कोमल कंबोज, ईशा धव, साधक आरती, बबल, कविता, रमा, रिंकी, विशाखा, हिमानी, निर्मला, नीलम, अनुज, विनीत, अंकुर, दीपक, मनीष और संदीप मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद भी साईकिल से पहुंचे अपने कार्यालय

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कार फ्री-डे का** असर मंगलवार को जिला सचिवालय में बखूबी देखने को मिला, न केवल अधिकारी बल्कि मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद भी अपने निवास स्थान से लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में साईकिल से पहुंचे। उन्होंने आमजन को इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जनभागीदारी करने की अपील की।
जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने



मंगलवार को कार फ्री-डे करके एक अच्छी पहल की है। यह पर्यावरण के लिहाज से बेहद उम्दा कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस अभियान का इस कदर समर्थन किया है कि उन्होंने यहां तक कहा कि वह स्वयं भी यदि मंगलवार को करनाल में आएंगे तो कार का इस्तेमाल नहीं करेंगे।
उन्होंने कहा कि इस अभियान में अधिकारी व कर्मचारी तो भागीदारी कर ही रहे हैं, आमजन को भी स्वैच्छिक भाव से इसमें हिस्सा लेना चाहिए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हम सभी के स्वास्थ्य और पर्यावरण को ध्यान में रखकर कार फ्री-डे का ऐलान किया है।


## श्रीमद्भागवत कथा का अपने मन के मंथन के लिए श्रवण करें: राधा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री कृष्णा** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री कृष्णा मंदिर कमेटी व महिला संकीर्तन मंडल की ओर से श्री कृष्णा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ हो चुकी है। वृंदावन से पधारी कथाव्यास साध्वी राधा शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को निहाल किया। पहले दिन की कथा में साध्वी जी ने श्रीमद् भागवत कथा महात्मय की कथा सुनाते हुए कहा कि ऐसे आयोजन श्री गुरुदेव कृपाल श्री बिहारी जी की कृपा से होते हैं। भगवान की कथा को कभी मनोरंजन के लिए न सुनकर अपने मन के मंथन के लिए श्रवण करें।

## '9 को करनाल में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजीएम सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि आगामी 9 सितंबर को जिला कोर्ट कॉम्पलेक्स में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इस लोक अदालत की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर करेंगे। राष्ट्रीय लोक अदालत प्रातः 10 बजे शुरू होगी। सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि इस लोक अदालत का आयोजन आम जनता से जुड़े विवादों को कम समय में निपटाने के लिए किया जा रहा है ताकि लोगों को कम से कम परेशानी हो। उन्होंने कहा कि इस लोक अदालत के दौरान पुराने ट्रैफिक चालान, चैक बाउंस होने से जुड़े विवाद, बैंक रिकवरी से जुड़े विवाद, पानी और बिजली बिल से जुड़े विवाद, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों से जुड़े विवाद, भरण पोषण से संबंधित विवादों व अन्य विवादों को भी सुना जाएगा।

**समय और पैसे दोनों की बचतः** सीजीएम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों की न्याय दिलाने में मदद करना है। इससे समय व पैसे दोनों की बचत होती हैं। उन्होंने बताया



**समाधान**

▶▶ लोक अदालत की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश करेंगे।लोक अदालत प्रातः 10 बजे शुरू होगी

कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। किसी भी आमजन का यदि कोई मामला लंबित
है तो इस लोक अदालत में मामले की सुनवाई के लिए ला सकता है और निपटारा करवा सकता है। इस दौरान दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजनामे से सौहार्दपूर्ण माहौल में पक्षकारों की रजामंदी से मामले को निपटाया जाता है।

## बिजली विभाग के अधिकारियों ने नगला मेघा में लगाया खुला दरबार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गत दिनों** घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण के निवास पर नगला मेघा के सैंकड़ों ग्रामीणों ने उनकी फैमिली आईडी में अन्य व्यक्तियों के बिजली के बिल जोड़े जाने की समस्या से अवगत कराया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए विधायक कल्याण ने बिजली विभाग के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए थे।
इन्ही निर्देशों की अनुपालना में आज गांव नगला मेघा में बिजली विभाग के एसडीओ शिवम बागड़ी ने अपने कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों के बीच खुला दरबार लगाया। खुले दरबार में



ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि काफी ग्रामीणों के परिवार पहचान पत्र में अन्य व्यक्तियों के बिलों की एंट्री है, जिसकी वजह से ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 300 समस्याओं का मौके पर ही किया समाधान एसडीओ शिवम बागड़ी ने बिल त्रुटियों से संबंधित शिकायतों पर सुनवाई करते हुए लगभग 300 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की अंत्योदय बिजली बिल माफी योजना के तहत जिन लोगों की आय 1 लाख तक है तथा मासिक बिजली यूनिट की खपत 150 है, वह उपभोगता सिर्फ 3600 बिल भरकर अपना सारा बिल माफ करा सकते हैं तथा उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने अपने खेतो के कनेक्शन का लोड बढ़वाना है, वह मात्र 100 रुपए प्रति किलोवाट जमा करवा कर अपना लोड बढ़वा सकते हैं। ग्रामीण बलराज कशयप, हैप्पी कश्यप, नफा सैनी, पवन सैनी, पवन पंच, ऋषिपाल, वेदपाल, महेंद्र राणा, ईश्वर कश्यप, प्रदीप, रामफल आदि ने खुला दरबार लगवा कर लोगो की समस्या का निवारण कराने के लिए क्षेत्र के विधायक हरविंद्र कल्याण का आभार व्यक्त किया।

## कार फ्री डे पर आवास से कार्यालय तक साईकल पर आए निगम आयुक्त

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** हरियाणा की ओर से की गई घोषणा पर अमल कर नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा मंगलवार को अपने आवास से कार्यालय तक साईकल पर आए। निगम आयुक्त के अतिरिक्त जिला के अन्य अधिकारी भी पैदल या साईकल पर अपने-अपने कार्यालयों में आते देखे गए। निगमायुक्त का साईकल से सफर मीनार रोड स्थित आवास से सैक्टर-12 स्थित नगर निगम कार्यालय तक 15 मिनट में तय हुआ।
निगम आयुक्त का नागरिकों को संदेश- कार फ्री डे पर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा नागरिकों के नाम अपने संदेश में कहा कि प्रत्येक नागरिक जिसके पास मोटर चालित वाहन हैं, उसे सप्ताह या मास में कम से कम एक दिन फ्री रखकर साईकल या पैदल चलकर अपने कार्य स्थल पर आना-जाना करना चाहिए। इससे मोटर वाहनो में प्रयुक्त इंधन की बचत होगी। वाहनो से निकलने वाले धुएं से उत्सर्जित प्रदूषण कम होगा। साईकल पर या पैदल चलने से शरीर से विकार दूर होंगे और मनुष्य स्वस्थ रहेगा।

## गुरुनानक खालसा कॉलेज में मनाया शिक्षक दिवस

**प्रतिभाशाली**

▶▶ विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि हमारे कॉलेज के विद्यार्थी होनहार एवं प्रतिभाशाली हैं

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गुरु नानक** खालसा कॉलेज में फाइन आर्ट क्लब एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस अनूठे एवं रचनात्मक तरीके से मनाया। कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने सभी विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि हमारे कॉलेज के



विद्यार्थी होनहार एवं बेहद प्रतिभाशाली हैं। प्राचार्य ने बताया कि फाइन आर्ट क्लब के विद्यार्थी नवनीत कौर, रवि, संतोष आदि विद्यार्थियों ने डा. सोनिया वधावन के निर्देशन में शिक्षक दिवस पर एक सुंदर मॉडल बनाया। इसमें विद्यार्थियों ने पुस्तकों के साथ साथ शिक्षा और शिक्षक के महत्व पर अपने विचार लिखे। कॉलेज के पूरे स्टाफ ने प्राचार्य के साथ मिलकर शिक्षक दिवस मनाया और गुरु शिष्य परपंरा को जीवंत करते हुए सभी को बधाई दी। पूरे कॉलेज में एक आत्मीयता का महौल बना रहा। वहीं संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने डा. कृष्ण अरोडा के निर्देशन में, हिंदी विभाग ने डा. बीर सिंह के निर्देशन में, अंग्रेजी विभाग ने डा. देवी भूषण के निर्देशन में शिक्षक दिवस मनाया और विधार्थियों ने विभिन्न आयोजन कर सभी प्राध्यापकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।
इस अवसर पर प्रो. चेष्टा अरोड़ा, प्रो. जतिन्दरपाल, प्रो. प्रीतपाल, डा. बलजीत, डा. प्रवीण, प्रो. अमरजीत कौर, प्रो. अंजू चौधरी, प्रो.प्रदीप कुमार एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने प्राचार्य, स्टाफ को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।

## संपादकीय

# अब आकाश पर अभूतपूर्व आगाज

**वैश्विक** स्तरपर बीते कुछ वर्षों से भारत जिस तेजी के साथ स्पेस, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, स्वास्थ्य, परिवहन सहित अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़कर विकास के नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है, उससे दुनियां अचंभित है और कहने पर मजबूर हो गई है कि, भारतीय बौद्धिक क्षमता के बारे में सुना था लेकिन अब उसे प्रैक्टिकली महसूस भी कर रहे हैं और शीघ्र विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं सकता है। विजन 2047 के बहुत पहले ही भारत अपने सभी लक्षों सहित नंबर वन की वैश्विक अर्थव्यवस्था होगा मेरा भारत देश। आज भारत और भारतीयों की प्रतिष्ठा बढ़ी है और यह परिवर्तन भारत में ही नहीं विदेशों में भी देखा जा सकता है। किसी के इशारे पर गुजरात के तत्कालीन सीएम को अमेरिका ने 9 बार वीजा देने से मना किया, किंतु आज वही अमेरिका उस सीएम से वर्तमान में पीएम बने व्यक्तित्व को एक आदर्श के रूप में देख रहा है। आज पूरी दुनियां उनको विश्व का सबसे बड़ा राजनेता समझती है। आज देश के युवाओं एवं उद्यमियों के लिए एक नया प्रभात आया है। अभी दो वर्ष पूर्व तक देश के युवा को ऐसा लगता था कि अगर उसे सफलता का गगन चूमना है तो पश्चिम का रुख करना होगा पर आज की स्टार्टअप योजना, डिजिटल इंडिया एवं मुद्रा योजना के चलते युवा एक नई विकास क्रांति का अनुभव कर रहे हैं। चूंकि भारत 2023 से 2025 तक पूरे सौर्य मंडल पर गगनयान से तेजी से आगे बढ़ रहा है और भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व सफलता ने दुनियां को अचंभित कर दिया है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत का वर्तमान में अंतरिक्ष क्षेत्र मेंसफलता का अभूतपूर्व आगाज हो रहा है और हर भारतवासी कह रहा है भारत की प्रौद्योगिकी पर जावां वारी, चंद्र सूरज के बाद अब सारे आकाश की बारी।

साथियों बात अगर हम चंद्रमा सूरज के बाद अब सारे आकाश की बारी की करें तो, चंद्रयान 3 के बाद, इसरो भारत की सूर्य की पहली यात्रा से दुनियां को आश्चर्यचकित कर दिया है। आदित्य-एल1 सौर मिशन श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से 2 सितंबर को लॉन्च हो चुका है। इसरो ने 124 अंतरिक्ष यान मिशनों को अंजाम दिया है। 93 मिशन भी लॉन्च किए गए हैं और विभिन्न मिशनों की योजना बनाई गई है। अगले 3 वर्षों के लिए इसरो के प्रमुख मिशनों के बारे में बताते हैं। गगनयान-1- यह गगनयान एक भारतीय चालक दल वाला कक्षीय अंतरिक्ष यान है। इसका उद्देश्य भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम का आधार बनना है। यह अंतरिक्ष यान केवल तीन लोगों के लिए बनाया जा रहा है। एक उन्नत संस्करण मिलन स्थल और डॉकिंग क्षमता से सुसज्जित होगा। इस वर्ष के अंत में एक मानव रहित अंतरिक्ष यान उड़ान परीक्षण निर्धारित हैगगनयान-2- यह एक मानव रहित अंतरिक्ष यान उड़ान परीक्षण होगा। यह उद्घाटन क्रू मिशन से पहले दो उड़ान परीक्षणों में से दूसरा होगा। गगनयान 3- 2025 में इसरो एक चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च करने की योजना बना रहा है।

# कोटा पर कलंक लगाती आत्महत्या की घटनाएं

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> “कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से वह आत्महत्या जैसा अमानवीय कदम उठा लेते हैं”

**राजस्थान** का कोटा शहर देश में कोचिंग की सबसे बड़ी मंडी बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या भी काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होने के उपरांत भी वह अपने बच्चों को इस आशा से कोटा भेजते हैं कि यदि वह परीक्षा में सफल हो जाता है तो भविष्य में इंजीनियर या डॉक्टर बन जाएगा। इसके लिए लोग लाखों रुपए के कर्ज के बोझ तले भी दब जाते हैं। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर कलंक लगा रही है।

पिछले अगस्त महीने में ही कोटा में कोचिंग करने वाले पांच छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। साल 2023 के 8 महीना में अब तक कोटा में 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। पिछले 5 वर्षों में यहां 70 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते की स्थिति में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों में से अधिकांश गरीब या मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। इसी वर्ष जो 23 छात्रों ने आत्महत्या की है उनमें से 19 छात्र व चार छात्राएं शामिल है। इनमें से 17 छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे थे वही 6 छात्र जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में पढ़ने के लिए आने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम




नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां चलने वाले सभी कोचिंग संस्थाएं कई शिफ्टों में संचालित होती है। जिसमें अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं।

कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से वह आत्महत्या जैसा अमानवीय कदम उठा लेते हैं। कोटा में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था। जिसके जवाब में सरकार ने आत्महत्या के जो प्रमुख कारण गिनाए थे उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण शामिल थे। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलन व हड़ताल के चलते धीरे-धीरे यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। एक समय ऐसा भी आया कि कोटा में नाम मात्र के उद्योग ही रह गए थे। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलना प्रारंभ हुई। सन 2005 के आसपास तो यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा में कोचिंग संस्थान एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन चुका है। पूरे कोटा शहर की अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। कोटा शहर के हर चौक-चौराहे पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग हीं सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं।

आज कोटा देश में कोचिंग का सुपर मार्केट है। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना चार हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को अनुमानतः सालाना 300-400 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं। कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित राजस्थान सरकार हरकत में आई है। सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए अगले दो माह तक सभी तरह के टेस्टों पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला जाएगा। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए जाएंगे जिनमें डिवाइस फिट रहेगी और यदि कोई पंखे पर लटकने की कोशिश करेगा तो डिवाइस में लगा सायरन बजकर लोगों को सतर्क कर देगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी। सरकार अपनी तरफ से चाहे कितनी भी कोशिश कर ले। कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक खुले मन से बिना किसी दबाव के पढाई करने लगेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा।

यहां चल रहे कोचिंग संस्थानों को मशीनी स्तर पर चलाई जा रही प्रतिस्पर्धा को रोककर एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। तभी कोटा में पढ़ने वाले छात्र खुद को सुरक्षित महसूस कर पढाई कर पाएंगे। कोटा में संचालित कोचिंग संस्थान जब तक अपने काम को पैसे कमाने कि मशीन समझना बंद कर अपने छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार नहीं करेंगे तब कोटा के हालात नहीं सुधरेंगे।

## कविता

### महिला शक्ति महान

कम ना समझो
महिलाओं की शक्ति को,
मां दुर्गा के प्रति
इनकी भक्ति को।

दुश्मनों का नाश
करती मां भवानी
अलौकिक अद्भुत है
नारी हिंदुस्तानी।
घर परिवार मुख्य
धुरी है देश की नारी,
उसे कभी मत
समझो तुम बेचारी।

घर हो या बाहर
समान है उसकी शक्ति
धर्म में उनकी
कितनी है भक्ति।
बच्चों के प्रति
असीम है आसक्ति।

घर हो या ऑफिस
बराबर की भूमिका निभाती
समाज के विकास में भी महिलाएं
गजब ऊर्जा दिखलाती,
स्कूटर,ऑटो और बस चलाती
रेल चला कर, हवाई जहाज उडाती।

संजीव ठाकुर

# कितना प्रदूषण है आपके घर में?

**कर्मवीर अनुरागी**

प्रदूषण आज संसार की सबसे प्रमुख समस्या है जिससे पर्यावरण शास्त्री, वैज्ञानिक व बुद्धिजीवी सभी चिंतित हैं लेकिन हम उस प्रदूषण के प्रति चिंतित नहीं हैं जो हमारे घर के आसपास का है, घर के अंदर का है, रसोईघर का है।कारखाने, पेट्रोल चालित वाहन नदियों का प्रदूषित जल आदि पर तो सबका ध्यान जाता है लेकिन हमारे घर में व घर के आस-पास के प्रदूषण के प्रति हम उदासीन हैं। आइये, हम अपने घर के अंदर होने वाले प्रदूषण के बारे में जानें और उससे बचने का प्रयास करें। हमारे दैनिक इस्तेमाल में कई ऐसी चीजें आती हैं जिन्हें हम आधुनिक जीवन का अनिवार्य अंग मानते हैं लेकिन उनके प्रभाव भयानक रूप से हानिकारक होते जा रहे हैं। नये शोधों से यह पता चला है कि कई प्रकार की धातुएं, प्लास्टिक रसायन व गैस जो हम नित्य काम में लाते हैं उनसे स्वास्थ्य की बड़ी क्षति हो रही हैं। प्रारंभ हम रसोईघर से करते हैं। नल जिससे रसोई घर में पानी आता है, उसके जोड़ों में यदि रांगा है तो वह पानी को विषैला करता रहता है। पीतल की टंकियां पीतल का विष घोलती हैं। जिन बर्तनों पर हम कलई करवाते हैं, उसमें रांगा मिला होता है जो अक्सर कलई के महंगे होने के कारण मिला दिया जाता है। इसी प्रकार अल्यूमीनियम में भी जल के प्रभाव से हानिकारक विष का निर्माण होता है। हम पानी को साफ करने के लिए उपकरण लगाते हैं, उनमें लगी बत्तियों या फिल्टर को समय-समय पर बदलते रहना चाहिए अन्यथा इन फिल्टरों में ही कीटाणु पनपते रहते हैं और पानी पीने योग्य नहीं रहता। धातु के बाद हम प्लास्टिक का उपयोग भी खूब करते हैं। प्लास्टिक में भी कई प्रकार के हानिकारक तत्व उत्पन्न होते हैं। फ्रिज के अंदर पानी को ठण्डा रखने के लिए प्लास्टिक की बोतलों का इस्तेमाल होता है उनसे खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। यदि पुराने प्लास्टिक को गलाकर तेज रंग मिलाये गये उनके बने खिलौने बच्चों के लिये हानिकारक हो सकते हैं। रसोई में ईंधन के रूप में गैस का प्रयोग आम हो गया है। गैस जलने में बहुत कम मात्रा में नाइट्रोजन ऑक्साइड भी देती है। जिन चूल्हों में गैस पूरी तरह जलती हो, उनमें कार्बन मोनोऑक्साइड गैस निकलती है। नाइट्रोजन ऑक्साइड से गले व फेफड़ों में जलन होती है तथा दमा रोग बिगड़ता है। कार्बन मोनोऑक्साइड तो घातक जहर है, ही इसलिये रसोईघर का कमरा हवादार होना आवश्यक है, साथ ही गैस के चूल्हे की सफाई व रख रखाव भी ठीक होना चाहिए। आजकल साबुन के स्थान पर डिटर्जेन्ट पाउडर का उपयोग आम हो गया है। इससे नदी-नालों में जहरीला प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। साथ ही घरों में इससे तरह-तरह के चर्मरोग फैल रहे हैं। उन्नत देशों में तो सुरक्षित डिटर्जेन्ट मिलने लगे हैं लेकिन विकासशील देशों में इस बात की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। यदि डिटर्जेन्ट पाउडर कपड़ों से पूरी तरह नहीं निकाला गया तो शरीर के साथ लगे कपड़ों से चर्म रोग भी फैल सकता है। घरों में मच्छर, खटमल व मक्खी मारने के लिए जो कीटनाशक उपयोग में लाये जाते हैं उनको सूंघने से कई प्रकार के श्वास रोग हो सकते हैं। यदि वे भोजन में मिल जायें तो और भी हानिकारक हो सकते हैं।

## विचार

# सनातन धर्म पर हमले से मचा बवाल

**बाल मुकुंद ओझा**

**तमिलनाडु** का विवादों से पुराना नाता रहा है। अब सनातन धर्म पर हमले को लेकर पूरे देश में मचा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा लगता है जैसे सनातन पर संग्राम छिड़ गया हो। तमिलनाडु के सीएम के बेटे के सनातन धर्म पर विवादित बयान पर डटे रहने से भाजपा हमलावर हो गई है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी धर्मों के पालन की जरुरत जताई है। इंडिया गठबंधन के कुछ घटक दल भी इस बयान पर नाखुशी जाहिर कर रहे है। इस साल होने वाले पांच राज्यों के चुनावों पर भी इसका असर पड़ने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। धार्मिक पुस्तकों के मुताबिक जैसे सत्य सनातन है। ईश्वर ही सत्य है, आत्मा ही सत्य है, मोक्ष ही सत्य है और इस सत्य के मार्ग को बताने वाला धर्म ही सनातन धर्म भी सत्य है। वह सत्य जो अनादि काल से चला आ रहा है और जिसका कभी भी अंत नहीं होगा वह ही सनातन या शाश्वत है। वैसे तमिलनाडु में हिंदी और हिंदुस्तान के विरोध की खबरे कोई नई नहीं है। तमिलनाडु में हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के विरुद्ध जो आंदोलन हुआ था उसको तमिलनाडु का हिन्दी भाषा विरोधी आन्दोलन नाम से जाना जाता है।

तमिलनाडु का प्रथम हिन्दी भाषा विरोधी आन्दोलन मद्रास प्रान्त में 1937 में हुआ। इसके बाद वहां लगातार हिंदी विरोध की लपटे उठती रही। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विरोध 1937 से ही है, जब चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की सरकार ने मद्रास प्रांत में हिंदी को लाने का समर्थन किया था पर द्रविड़ कषगम ने इसका विरोध किया था। तब विरोध ने हिंसक झड़पों का स्वरूप ले लिया था और इसमें दो लोगों की मौत भी हुई थी। लेकिन साल 1965 में दूसरी बार जब हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने की कोशिश की गई तो एक बार फिर से गैर हिंदी भाषी राज्यों में पारा चढ़ गया था। तब से आज तक तमिलनाडु हिंदी विरोध का प्रमुख केंद्र बन गया।

तमिलनाडु वही राज्य है जहाँ हिन्दुओं की आस्था के प्रतीक शंकराचार्य जयेन्द्र सरस्वती को हत्या के एक आरोप में 11 नवंबर, 2004 को गिरफ्तार किया गया था हालाँकि बाद में न्यायलय ने उन्हें बाईज्जत बरी कर दिया गया था। इस मामले में कनिष्ठ स्वामी विजेंद्र सरस्वती को 22 अन्य लोगों के साथ मामले में गिरफ़्तार किया गया. मामले की सुनवाई 2009 में शुरू हुई, जिसमें कोर्ट में 189 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। सबूतों के अभाव के चलते सभी आरोपियों को पुदुचेरी कोर्ट ने 13 नवंबर, 2013 को बरी कर दिया था। कांचीपुरम के वरदराजापेरुमल मंदिर के प्रबंधक ए शंकररमण की तीन सितंबर 2004 को मंदिर में ही हत्या कर दी गई थी। .इस मामले में कुल 24 लोगों को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी बनाया गया था, जिनमें से जयेंद्र सरस्वती और विजयेंद्र प्रमुख आरोपी थे। अब एक बार फिर सनातन धर्म पर हमला किया गया। यह हमला तमिलनाडु के सीएम स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने सनातन धर्म को डेंगू और मलेरिया मच्छर बताकर किया।

उन्होंने एक बैठक के दौरान कहा, सनातन धर्म को मच्छर, मलेरिया, डेंगू और कोरोना की तरह ही खत्म करना है। उदयनिधि के इस बयान पर साधु-संत भड़क गए, तो संघ-विश्व हिंदू परिषद और भाजपा ने नाराजगी जताई। भाजपा ने स्टालिन के बेटे के बयान को लेकर पूरे इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा है. गृह मंत्री अमित शाह ने इंडिया गठबंधन की पार्टियों पर वोट बैंक की राजनीतिक का आरोप लगाया। उधर, कांग्रेस ने भी इस बयान से किनारा कर लिया। भाजपा ने उदयनिधि से माफी की मांग की है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कद्र करें एक दूसरे की भावनाओं की

**नीतू गुप्ता**

**शादी** के बाद हर दंपति की चाहत होती है कि खुश रहें और सफल रहें। अपने दांपत्य जीवन में इस इच्छा को पूरा करने के लिए दोनों में कुछ त्याग की भावना का होना, एक दूसरे की भावनाओं को समझना जरूरी होता है। यदि एक दूसरे की भावनाओं को समझ कर सम्मान किया जाए तो गृहस्थी की नींव पक्की रहती है। खुशियां ढूंढने के लिए दोनों को प्रयास करना पड़ता है। पेश हैं कुछ सुझाव दांपत्य जीवन को सफल और खुशनुमा बनाने के लिए- पत्नी के लिए पति के दफ्तर जाते समय उन्हें यह कहना न भूलें कि, ह्यसमय पर घर आइएगा। मैं आपका इंतजार करूंगी ह्यऐसा कहने से पति को अपने महत्त्व का पता चलता है। पत्नी को चाहिए कि पति के बर्थ डे को याद रखें और उन्हें विश करें और जताएं कि ह्यवोह्य आपके लिए विशेष हैं। उन्हें तोहफा देना भी न भूलें। पति की मनपसंद चीज कभी-कभी खरीद कर उन्हें देती रहें ताकि उन्हें अच्छा लगे।

पति को अच्छा लगता है कि पत्नी पति का एक बच्चे की तरह ख्याल रखे और उसकी जरूरत की सभी चीजें उसके हाथ में दें। पति के खाने-पीने का पूरा ध्यान रखें। सप्ताह में कम से कम एक बार उनकी पसंद का खाना बनायें और प्यार से परोसें। उनकी नापसंद चीज न बनायें और खाने की जिद्द न करें। टिफिन को साफ सुथरे तरीके से सजा कर पैक करें ताकि खाना खाते समय वे आप को याद किए बिना न रह पायें। यदि आप घरेलू महिला हैं तो खाने से कुछ समय पूर्व या बाद में फोन कर पूछ लें कि खाना खाया है या नहीं। कामकाजी हैं तो समय निकाल कर फोन पर बात करें। पत्नी को चाहिए कि अपने माता-पिता, बहन भाइयों के बीच पति का मजाक न उड़ाएं बल्कि उन्हें पूरा सम्मान दें ताकि परिवार के सदस्य भी उन्हें यथोचित सम्मान दें। मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं, ऐसा बातों और हरकतों से जाहिर करें। पत्नी को चाहिए कि पति के परिवार के सदस्यों का सम्मान करे और उनके दोषों को बहुत अधिक उजागर न करें।

बहस होने पर चुप रहें। बात ठंडी पड़ने के बाद पति को समझाएं। पति का मूड खराब होने पर अधिक सवाल जवाब न करें। कुछ समय के लिए अकेला छोड़ दें। थोड़ी देर तक मूड ठीक होने का इंतजार करें और मूड खराब होने का कारण प्यार से जानने का प्रयास करें। पत्नी को चाहिए कि पति के परेशान होने पर उसका मनोबल बढ़ाएं और सहयोग दें।

# वन नेशन-वन इलेक्शन जैसा नाम वैसा ही होगा प?

**ऋतुपर्ण दवे**

**सच में** भारत वन नेशन-वन इलेक्शन मोड में चला गया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटीगठितहो गई है।इसी महीने 18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र की चौंकाने वाली चचाएँ थमीं नहीं थी कि 24 घण्टे नहीं बीते कि सरकार ने अपनी नई मंशा साफ कर दी। हालांकि पहले हीदेश में मध्यावधि चुनाव की चचाएं तेज हो गईं थी। घरेलू रसोई गैस के दाम 200 रुपए घटानाइत्तिफाक नहीं हो सकता। भाजपा को लगता है कि उसके पासप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सबसे लोकप्रिय चेहरा है जिस पर देश को भरोसा है। इसी के चलते यह बड़ा फैसला लिया गया होगा?हर वक्त चुनावी मोड मे रहने वाली भाजपा,संगठन को लेकर जितनागंभीरहै उतनाकोई दूसरा दल नहीं।हो सकता है विपक्ष जब एकजुटता के लिए तीसरी बैठक कर रहा थातभी इन घोषणाओं से एकता के महायज्ञ में भाजपा ने बड़े विघ्न की आहुति दे दी हो?

मोदी शुरू से ही वन नेशन-वन इलेक्शन के पक्षधर रहे। राज्यसभा में भी पहले ही कह चुके हैं कि देश में एक बार चुनाव हो जाए तो सभी 5 सालों के लिए अपने-अपने कामों में जुट जाएं। सिंगल वोटर लिस्ट की भी वकालत कर चुके हैं। एक साथ चुनाव कराना लोकतंत्र और संविधान के मूल ढ़ांचे या देश के संघीय ढ़ांचे के साथ मजाक तो नहीं होगा? कहीं विधानसभा या लोकसभा चुनावों के परिणाम साफ नहीं आए और त्रिशंकु जैसी स्थिति बनी तब प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री की नियुक्ति कैसे होगी? क्या इसमें बड़े-बड़े पेंच हैं। समझ में आ गया कि संसद के विशेष सत्र का एजेण्डा क्या है।देश पहले भी 1952, 1957, 1962 और 1967 में एक साथ इलेक्शन हुए हैं। ये बात जरूर है तब यह शब्द आया था। 1968,1969 में बदलते राजनीतिक समीकरणोंसे कई विधानसभाएं और 1970 में लोकसभा भी भंग हुई। इसके बाद सेयह परिपाटी टूट गई।अब नरेन्द्र मोदी इसे बहाल करना चाहते हों? जिसे अब वन नेशन-वन इलेक्शन का नाम दिया जा रहा है। इसमें तमाम संवैधानिक पेंच होंगे, संशोधनों की जरूरत होगी।

# 'वन नेशन वन इलेक्शन के चलते इसी साल चुनाव संभव'

## अब मिशन-2024 नहीं, मिशन-2023 की तैयारी करनी होगी: अजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। जिस** तरह से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन नेशन वन इलेक्शन के लिए विशेष सेशन बुलाया है, उससे लगता है कि अब मिशन-2024 नहीं, मिशन-2023 की तैयारी करनी होगी। देश में नवंबर में पांच राज्यों के होने वाले विधानसभा चुनावों के साथ हो सकता है कि लोकसभा चुनाव भी करवा दिए जाएं। इसलिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें तथा दादरी रैली की तैयारी चुनाव की तरह से करें। यह विचार जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने सायंकाल को रेवाड़ी रोड स्थित सीएल फार्म में पार्टी कार्यकताओं की मीटिंग लेते हुए वक्त किए। डा. चौटाला यहां 17 सितंबर को दादरी में पार्टी की लोकसभा स्तरीय होने वाली नव संकल्प रैली का यहां निमंत्रण देने आए हुए थे।



डा. अजय सिंह चौटाला ने अपने चिर-परिचित अंदाज में भाषण देते हुए कहा कि जब-जब प्रदेश में रैलियां हुई हैं, हमने अपने ही पिछले रिकार्ड को ध्वस्त करके नए रिकार्ड बनाए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल पार्टी के स्थापना दिवस पर भिवानी में हमने जिस प्रकार लाखों की भीड़ जुटाई थी, उसी प्रकार दादरी में नया रिकार्ड बनाएंगे। उन्होंने कहा कि इस रैली के साथ ही मिशन-2024 शुरू हो गया है। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने हिसाब से सक्रिय हो गए हैं और हमने भी सभी दस लोकसभा सीटों पर रैलियां करने का निर्णय किया हुआ है। सोनीपत एवं फरीदाबाद की रैलियां हो चुकी हैं तथा अब दादरी की बारी है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में जनशक्ति सबसे बड़ी ताकत होती है।

**चुनाव की तैयारी**

**इसलिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें तथा दादरी रैली की तैयारी चुनाव की तरह से करें: अजय सिंह**

इसमें सिरों की गिनती की जाती है तथा जिसके पास यह संख्या ज्यादा होती है, वह सर्वाधिक ताकतवर माना जाता है।

उन्होंने बगैर नाम लिए इनेलो पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब हम अपनी ही पुरानी पार्टी से अलग हुए थे, तब हमने पार्टी के डंडे-झंडे से लेकर सबकुछ उनके पास छोड़ा था। तब हमने उनको 20 विधायक एवं 23 प्रतिशत वोट भी उनके पास छोड़ा था और हम केवल चौधरी देवीलाल की सोच को लेकर आगे बढ़े थे और नया घर बसाया था, लेकिन उन्होंने नौ माह में ही पुरानी पार्टी को धरातल से रसातल में पहुंचा दिया। 20 विधायक से एक विधायक पर आ गए तथा 23 प्रतिशत वोट से डेढ़ प्रतिशत वोट रह गया। दूसरी तरह हमारा होनहार नौजवान था, जिसने नौ माह में ही नया संगठन खड़ा करके न केवल तीन-तीन चुनाव झेले, बल्कि विधानसभा में दस विधायक भी लेकर गया तथा राजकाज में हिस्सेदारी भी ली।

## न्यूज फ्लैश

### आज व कल डा. अजय सिंह चौटाला करेंगे गांवों में जनसभा

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। जननायक** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डा. अजयसिंह चौटाला 6 व 7 सितम्बर को जिला के गांवों में जनसभा करेंगे। इस संबंध में जेजेपी जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि छह सितम्बर को सुबह साढ़े 10 बजे गांव थनवास, साढ़े 11 बजे सरेली, साढ़े 12 बजे कारोता में जनसभा करेंगे। दौंगली में दोपहर डेढ़ बजे लंच करने के बाद तीन बजे गांव खटोटी कलां, शाम चार बजे सेका और शाम छह बजे गांव गुवानी में जनसभा करेंगे। इसके बाद अगले दिन सात सितम्बर को सुबह साढ़े 10 बजे गांव गणियार, साढ़े 11 बजे गढ़ी खरखड़ा और दोपहर साढ़े 12 बजे सिहोर में जनसभा करेंगे। इन जनसभा की अध्यक्षता जेजेपी जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा करेंगे। जनसभा में 17 सितम्बर को दादरी में होने वाली नव संकल्प रैली में पहुंचने का निमंत्रण देंगे।

### धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** मौहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नारनौल में मंगलवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय चेयरमैन श्री हितेंद्र शर्मा, निदेशिका श्रीमती संगीता शर्मा, जूनियर विंग इंचार्ज श्री सुरेंद्र शर्मा व प्राचार्य अवनीश कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने अध्यापकों की वेशभूषा धारण कर छोटी कक्षाओं को पढ़ाया, जिसमें अध्यापक गण भी शामिल हुए। बच्चों ने भी अध्यापकों की महिमा बताते हुए अपने सभी अध्यापकों का अभिनंदन किया और उनको अपना मार्गदर्शक बताते हुए सभी अध्यापकों को सम्मानित किया।

चेयरमैन श्री हितेंद्र शर्मा ने कहा कि भारत में गुरु पूजा की संस्कृति काफी पुरानी है। इतना ही नहीं हिंदू धर्म में तो भगवान से पहले गुरु की पूजा की जाती है। भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन 5 सितंबर भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय निदेशिका श्रीमती संगीता शर्मा ने कहा कि गुरु के बिना किसी भी लक्ष्य तक पहुंच पाना संभव नहीं है। इसलिए इंसान के जीवन में शिक्षक का होना बहुत जरूरी है। छात्र-छात्राओं ने पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। विद्यालय चेयरमैन श्री हितेंद्र शर्मा व निदेशिका श्रीमती संगीता शर्मा ने समस्त अध्यापकगणों के साथ बच्चों के बीच केक काटा। इस मौके पर प्राचार्य अवनीश कुमार, रामनिवास डी०पी०ई०, अशोक यादव, संजय कुमार, राहुल सोनी, नरेश कुमार, मनमोहन, शुभराम यादव, लोकेश कुमार, दीपक कुमार, अमन कुमार, जोगिंदर कुमार, अल्पना शर्मा, वंदना सैनी, लक्ष्मी चौहान, सुमन सैनी आदि समस्त अध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बिना संयम से जीवन का विनाश रोकना असंभवः रमेश मुनि

**सोनीपतः श्री एस** एस जैन सभा गुड़ मंडी सोनीपत के जैन स्थानक में चातुर्मास हेतु विराजमान हैं ओजस्वी वक्त श्री रमेश मुनि जी महाराज प्रवचन भास्कर श्री मुकेश मुनि जी महाराज श्री मुदित मुनि जी महाराज प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए श्री रमेश मुनि जी महाराज ने कहा कि आज इंसान तरक्की तो बहुत कर रहा है पर जिंदगी में संयम घटता जा रहा है इच्छाओं के बढ़ने के कारण मानव के दुख भी बढ़ते जा रहे हैं` संयम में हर चीज लाभकारी है संयम में संतोष होता है, तप होता है ` संयम प्रदर्शन हेतु नहीं होता, बल्कि आत्म दर्शन हेतु होता है `संयम से धर्म की रक्षा होती है, जैसे तिजोरी में रखे धन की सुरक्षा ताला करता है, वैसे ही हमारे भीतर एकत्रित धर्म रूपी धर्म की सुरक्षा भी संयम रूपी ताला करता है, जिस तरह बिना ब्रेक के गाड़ी का एक्सीडेंट अवश्य भावी है`ठीक उसी प्रकार बिना संयम के जीवन का विनाश होने से कोई नहीं रोक सकता। रावण के पास सब कुछ था धन, वैभव, रूप, साधन, ऐश्वर्य था पर नहीं था तो बस संयम, तभी तो रावण का हश्र भी बहुत बुरा हुआ। संयम रूपी ब्रेक के द्वारा ही मानव का जीवन कंट्रोल होता है बिना संयम इंसान का जीवन घुन लगी लकड़ी के सामान अंदर से खोखली हो जाती है।

# वैदिक हाई स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विकास** नगर में स्थित हरियाणा वैदिक हाई स्कूल में शिक्षक दिवस और जन्माष्टमी का समारोह आयोजित किया गया, जो कि स्कूल के बच्चों के द्वारा बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर व प्राचार्या डा० नीलम सांगवान द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व सरस्वती वंदना कर किया गया। तत्पश्चात केक काट कर किया गयो सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों की नकल उतार कर,अपने पसन्द के अध्यापक बन कर कक्षाओं में बच्चों की पढ़ाई करवाई और अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सच में हमारे गुरू देव तुल्य है और काफी मेहनत करते हैं । सभी अध्यापकों ने अपने स्कूल के बच्चों को आशीर्वाद देकर सफल भविष्य की कामना की ,स्कूल के उत्साहित विधार्थियों ने अपने -अपने विचार प्रस्तुत किए, राधा- कृष्ण बन कर कान्हा जी को मनाते हुए अपने -अपने पसन्द के भजनों पर झूमने लगे, छोटे बच्चों में भी काफी उत्साह रहा, घर से ही कृष्ण- राधा की तरह फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के लिए स्कूल आए जो कि काफी सुन्दर लग रहे थे, स्कूल की डायरेक्टर व प्राचार्या डॉ० नीलम सांगवान ने बच्चो का उत्साह देखकर बहुत सराहना की अपने विचार व्यक्त करते हुए बहुत ही सुन्दर गीत के माध्यम से गुरु की महिमा बताई।

# 'सड़क का साढ़े चार करोड़ का एस्टीमेट बनकर तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राठधना रोड** के आई०टी०आई० चौक से सिंचाई विभाग कार्यालय तक की सड़क के पुराननिर्माण को लेकर चल रहे धरने को लेकर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा है कि नगर निगम मेयर की अध्यक्षता में होने वाली फाइनेंस कमेटी की बैठक न होने के कारण मामला लंबित है अन्यथा सड़क का साढ़े चार करोड़ का एस्टीमेट बनकर तैयार हो चूका है।

उल्लेखनीय है कि इस सड़क के निर्माण की मांग को लेकर भी नागरिकों ने कुछ समय पहले 25 दिनों तक धरना दिया था, उस समय भी भाजपा नेता राजीव जैन ने मोके पर पहुंचकर सितंबर माह में सड़क का टेंडर लगवाने का आश्वाशन दिया था।



राजीव जैन ने बताया कि 50 लाख रुपए की लागत से ज्यादा के एस्टीमेट अप्रूव करने की शक्तियाँ मेयर की अध्यक्षता वाली फाइनेंस कमेटी को सरकार ने प्रदान की है परन्तु बैठक ना हो पाने के कारण इस सड़क के अलावा दर्जनों एस्टीमेट अप्रूवल के लिए लंबित हैं। उन्होंने बताया कि इस सड़क के निर्माण में लोक निर्माण विभाग एवं नगर निगम के बीच लगभग दो वर्षों से खींचतान चल रही थी और उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर नगर निगम द्वारा ही सड़क बनाने के निर्देश जारी करवाए थे।

**अवगत कराया**

**नगर निगम मेयर की अध्यक्षता में होने वाली फाइनेंस कमेटी की बैठक न होने के कारण मामला लंबित है: जैन**

उन्होंने आगे कहा कि शहर के नागरिकों को मेयर के दरवाजे पर गुहार लगानी चाहिए कि फाइनेंस कमेटी की बैठक जल्द से जल्द बुलाई जाये। राजीव जैन ने बताया कि नगर निगम कमिश्नर विश्राम मीणा से भी फोन पर बात की थी परन्तु उन्होंने भी यही जवाब दिया कि सरकार के निर्देशों के अनुसार फाइनेंस कमेटी की बैठक बुलाने का अधिकार मेयर के पास है।

# भारत को जगत गुरू बनाने मे अध्यापक दें और अधिक सहयोग: राजेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आर्य वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय मे शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रबंधक कमेटी के प्रेसिडेंट वीरेंद्र आर्य रहे। मैनेजर रामपाल जागलान, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जागलान विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा आर्य मेहर सिंह , राजेश घनगस, राकेश पुनिया अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्राचार्य मनीष घनगस ने विद्यालय पहुंचने पर सभी का हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया । इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापको को प्रबंधक कमेटी व प्राचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र जागलान ने सभी अध्यापकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होने कहा कि एक शिक्षक और शिष्य के बीच में गहरा संबंध होता है हमारे जीवन में शिक्षा और शिक्षक दोनों ही महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि हमारी जिंदगी को संवारने में हमारे माता-पिता के बाद इनकी ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिस तरह से हमारे माता-पिता हमारे भगवान होते हैं उसी प्रकार से हमारे गुरु मे भी ईश्वर का वास होता है।



# न्यायिक परिसर में 9 सितंबर को किया जाएगा तीसरी लोक अदालत का आयोजन

## आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा केस का निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुख्य न्यायिक** दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक मान ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद गोयल के नेतृत्व में 09 सितंबर को 10 बजे की वर्ष 2023 की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर के अलावा गोहाना, गनौर, खरखौदा न्यायिक परिसर में आपसी सहमति से कसों का निपटारा किया जाएगा।

मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

# तुलसी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर के हिसार रोड स्थित तुलसी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं का वंदन किया। सबसे पहले उन्होंने सभी शिक्षकों को तिलक लगाया, उन पर पुष्प वर्षा की व उनको माला पहनाकर सम्मानित किया। सभी छात्रों ने अध्यापकगण के पाँव छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। बच्चों ने अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कविताएँ व नृत्य प्रस्तुत किये, जिसे देखकर सभी शिक्षक भाव विभोर हो गए।

# सभागार भवन में जिला स्तरीय शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। शिक्षक** ही राष्ट्र का निमार्ता होता है। शिक्षक ही समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अहम भूमिका निभाता है। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने आज हरियाणा उदय के तहत जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग की ओर से सभागार भवन में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कही।

डीसी मोनिका गुप्ता ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्ण को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षक का बहुत महत्व है। शिक्षक के द्वारा ही नैतिक शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। प्राचीन काल गुरुकुल में माता-पिता का कर्तव्य भी शिक्षक के द्वारा ही निभाया जाता था। उन्होंने कहा कि आज के दिन हमें अपने शिक्षक को याद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक हमें सफलता का रास्ता दिखाता है। शिक्षक एक अच्छे व्यवहार के लिए बहुत ही अच्छी तरह से विद्यार्थी को शिक्षित करता है। शिक्षक जीवन में हमेशा अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आज शिक्षा का स्तर बदल गया है जिससे शिक्षक की आज जिम्मेदारी और भी व्यापक हो गई है। आज इंजिनियर, वैज्ञानिक आदि गुरुओं की ही देन है।

इस मौके पर डीसी मोनिका गुप्ता ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यापकों ने गीत के माध्यम से अपने भाव रखे वही स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व भाषण के माध्यम से अपने विचार दिए।

# कांग्रेस सरकार बनने पर कालोनीवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी: सचिन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पूर्व मुख्यमंत्री** भूपेंद्र सिंह हुड्डा,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं। सचिन कुंडू ने हल्का पानीपत ग्रामीण की सांई कॉलोनी में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान चलाया गया। जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपाझजजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। जबसे हरियाणा में गठबन्धन सरकार आई है तब से प्रदेश में आए दिन लूट, हत्या, अपहरण, बलात्कार, फिरौती आदि के मामलों में बढ़ोत्तरी हुई है और रिकॉर्डतोड़ महंगाई से जनता अत्याधिक परेशान है। रही सही कसर बीजेपी जेजेपी सरकार की जनविरोधी नीतियों ने पूरी की हुई हैं जैसे कि परिवार पहचान पत्र प्रदेश की जनता का परेशानी पत्र बना हुआ है।



भाजपा की इन जनविरोधी नीतियों के कारण ही आज हरियाणा की जनता अपने मूलभूत सुविधाओं तक से वंचित है। प्रदेश के जन जन में इस जनविरोधी सरकार के प्रति रोष है। जिसके चलते चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6000 रुपए पेंशन दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दीया जाएगा।
300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट दिए जायेंगे। सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। प्रॉपर्टी आईडी व फैमिली आईडी के पोर्टल को समाप्त किया जाएगा।

# जीवन में मुकाम हासिल करने के लिए रोल मॉडल होना जरूरी : एडीसी वैशाली सिंह

**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद नांगल चौधरी** । जीवन में अपना मुकाम हासिल करने के लिए रोल मॉडल होना जरूरी है। रोल मॉडल को देखकर हमें प्रेरणा मिलती है कि उनकी तरह हमको भी जीवन में कुछ बनना है। जब तक आप अपना मुकाम हासिल नहीं कर लें तब तक निरंतर मेहनत करें। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने आज हरियाणा उदय के तहत शिक्षक दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नियामतपुर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कही।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीसी संतोष कुमार मौजूद थे। एडीसी ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए छात्राओं से कहा कि कोई भी कार्य हो उसकी नींव मजबूत होनी चाहिए। हमारी पढ़ाई की नींव प्रथम क्लास से ही शुरू हो जाती है। हमें स्कूल से ही छोटी-छोटी बेसिक बातें सीखने को मिलती हैं। उन्होंने कहा कि मैंने भी बहुत पढ़ाई की है। मैं इसका श्रेय मेरे स्कूल के अध्यापकों को देती हूं। उन्होंने कहा कि आज मैं यही देखने आई थी कि आप किस माहौल में पढ़ रही हैं।

## स्कूल में आयोजित समारोह में स्कूल प्रबंधन ने किया शिक्षकों को सम्मानित

# ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में उल्लास पूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के तौर पर उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरु वंदना की आकर्षक प्रस्तुति देकर अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा व निष्ठा व्यक्त की। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली अध्यापिकाओं को स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन व सीईओ संजय जैन ने सम्मानित किया । सुधीर जैन ने कहा कि डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद और महान दार्शनिक थे। राजनीति में आने से पहले डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक सम्मानित शिक्षक थे। शिक्षा के क्षेत्र में डॉ.सर्वपल?ली राधाकृष्णन के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मान देने के लिए उनके जन्मदिन के दिन शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा था कि मेरे जन्मदिन का जश्न मनाने की बजाय 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो मुझे गर्व महसूस होगा । सीईओ संजय जैन ने कहा डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचार आज भी प्रासंगिक है। उनके विचारों का अनुसरण कर कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफल हो सकता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन कहा करते थे कि एक शिक्षक का काम सिर्फ छात्रों को पढ़ाना नहीं होता । छात्र हमारे देश का भविष्य हैं, ऐसे में उनका बौद्धिक विकास करना भी शिक्षक की जिम्मेदारी है। उनका मानना था कि विद्यार्थी को कल्पनाशील होने के साथ-साथ स्वस्थ और आत्मविश्वासी भी होना चाहिए।

**श्रद्धा**

**विद्यार्थियों ने गुरु वंदना की आकर्षक प्रस्तुति देकर अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा व निष्ठा व्यक्त की**



# सीएम ने 400 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई

**सीएम केजरीवाल ने पीएम मोदी को कहा 'शुक्रिया', बोले आगे भी आपसे ऐसी ही मदद की दरकार है...**

**सुविधा**

**एलजी के साथ मिलकर 400 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर दिल्ली की जनता को समर्पित किया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को 400 नई इलेक्ट्रिक बसों को आइपी बस डिपो से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीएम केजरीवाल ने अपने एक्स हैंडल (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर बसों के लिए बजट परिव्यय का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल के साथ मिलकर 400 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर दिल्ली की जनता को समर्पित किया।

ये बसें सब्सिडी स्कीम की 921 बसों में शामिल हैं, जिनके लिए केंद्र सरकार की तरफ से 417 करोड़ की सब्सिडी दी गई है और दिल्ली सरकार 3674 करोड़ रुपए खर्च करेगी। दिल्ली की सड़कों पर अब कुल 800 इलेक्ट्रिक बसें हो गई हैं जो पूरे देश में सबसे ज्यादा हैं। हमारा लक्ष्य 2025 के आखिर तक दिल्ली की सड़कों पर कुल 8 हजार इलेक्ट्रिक बसें उतारने का है। उस वक्त दिल्ली में 10 हजार से ज्यादा बसें होंगी जिसमें 80 प्रतिशत बसें इलेक्ट्रिक होंगी।

## प्रमुख बातें

- महिलाओं के लिए सभी बसों में सभी दिन मुफ्त यात्रा
- 12 मीटर लो-फ्लोट एसी बसें सीसीटीवी कैमरे
- जीरो स्मोक, 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक बसें
- पैनिक बटन
- जीपीएस और लाइव ट्रैकिंग
- दिव्यांगजनों के लिए बस नीलिंग टैंप
- इस साल के अंत तक 1900 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर आ जाएंगी।
- इन 1900 बसों के आने के बाद दिल्ली दुनिया के चुनिंदा शहरों में शामिल हो जाएगी
- 2025 तक दिल्ली सरकार का 10480 बसों का बेड़ा कर देने का लक्ष्य है।
- इसमें 80 प्रतिशत इलेक्ट्रिक बसें किए जाने का लक्ष्य है
- एक बार चार्ज करने पर 225 किलोमीटर तक बसें चलती हैं

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की जिसमें वह बड़े ही अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस 400 इलेक्ट्रिक बसों को दिल्लीवालों को सौंपे जाने पर की थी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार को भी शुक्रिया कहा, जिसकी वजह बड़ी दिलचस्प है।

**केंद्र सरकार को बसों की सब्सिडी के लिए कहा शुक्रिया:** दरअसल केजरीवाल ने जनता को सौंपी गई 400 इलेक्ट्रिक बसों पर दी गई सब्सिडी के लिए मोदी सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया, ये बसें सब्सिडी स्कीम की 921 बसों में शामिल हैं, जिनके लिए केंद्र सरकार की तरफ से 417 करोड़ की सब्सिडी दी गई है और दिल्ली सरकार 3674 करोड़ रुपए खर्च करेगी। केजरीवाल ने कहा कि इसके लिए हम केंद्र सरकार को शुक्रिया कहते हैं। हम तो चाहते हैं कि केंद्र हमें सभी बसों पर सब्सिडी दे दे। सरकार हमें भविष्य में भी ऐसे ही मदद करती रहे।

## केजरीवाल की पत्नी को कोर्ट का नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। मामला दो विधानसभा के वोटर आईडी कार्ड से जुड़ा हुआ है। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अरजिंदर कौर ने आरोपी सुनीता केजरीवाल को समन जारी किया है। बीजेपी नेता हरीश खुराना ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। बीजेपी नेता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि कि सीएम की पत्नी ने आरपी एक्ट का उल्लंघन किया है। खुराना ने दावा किया था कि सुनीता केजरीवाल के पास दो वोटर आईडी कार्ड हैं। एक साहिबाबाद विधानसभा और दूसरा आईडी कार्ड चांदनी चौक विधानसभा से है। अगर इस मामले में सुनीता दोषी पाई जाती हैं तो उन्हें दो साल की सजा हो सकती है।




दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दलितों की समस्याओं को लेकर वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक जय किशन व वीर सिंह धींगान ने पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित किया।

# 'कोर्ट का इस्तेमाल मैरिज फैसिलिटेटर की तरह नहीं कर सकते'

**टिप्पणी**

**किसी पक्ष पर किसी विशेष तरीके से काम करवाने का दबाव डालने के लिए नहीं किया जा सकता है**

**टीम एक्शन इंडियाा/नई दिल्ली**
दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि अदालतों को यौन अपराधों के मामलों में 'विवाह सुविधा प्रदाताओं' (मैरिज फैसिलिटेटर्स) तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने कहा कि न्यायिक व्यवस्था का उपयोग किसी मसले में हिसाब-किताब बराबर करने या किसी पक्ष पर किसी विशेष तरीके से काम करवाने का दबाव डालने के लिए नहीं किया जा सकता है।




कोर्ट ने शादी का झांसा देकर एक महिला से कथित दुष्कर्म के मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। एक युवती ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कराई। मामले में जांच के बाद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करना चाहती है लेकिन आरोपी फरार हो गया। बाद में आरोपी पीड़ित से शादी करने को तैयार हो गया। युवती के पिता पहले इस शादी के लिए तैयार नहीं थे लेकिन अब वे भी शादी के लिए तैयार हो गए। आरोपी ने इसी आधार पर कोर्ट से अग्रिम जमानत मांगी कि वह पीड़ित से शादी करने के लिए तैयार है। युवती के पिता को भी रिश्ता मंजूर है।

**यह जांच एजेंसियों और न्याय व्यवस्था के साथ धोखा:** हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद फैक्ट्स और कागजात से पता चलता है कि आरोपी और शिकायतकर्ता दोनों ने न्यायिक व्यवस्था और जांच एजेंसियों को धोखे में रखा। अब ये विभिन्न तरीकों से अपने फायदे के लिए न्यायिक व्यवस्था में हेरफेर करने की कोशिश कर रहे हैं। इस कोर्ट की राय में पीड़ित ने पहले एफआईआर दर्ज कराई जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने शारीरिक संबंध स्थापित करने के बाद शादी करने से इनकार कर दिया था। और बाद में आरोपी को जमानत देने के लिए कोर्ट में यह कहते हुए पेश हो गए कि आरोपी शादी के लिए तैयार है।

# दिल्ली में नहीं बढ़ेंगे जमीन के दाम

**टीम एक्शन इंडियाा/नई दिल्ली**
दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सरकार की उस फाइल को मंजूरी देने से इंकार कर दिया है, जिसमें कृषि भूमि का सर्किल रेट बढ़ाया गया था। उपराज्यपाल ने इस पर आपत्ति जाहिर करते हुए फाइल केजरीवाल सरकार को लौटा दी है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि जो सवाल उपराज्यपाल ने पूछे हैं, उनका जवाब दिया जाएगा। पिछले दिनों केजरीवाल सरकार ने कृषि भूमि का सर्किल रेट बढ़ाया था। सात अगस्त को दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी मालेर्ना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी थी। सरकार ने इसे मंजूरी के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना के पास भेजा था, लेकिन इस पर कुछ आपत्तियां जाहिर करते



हुए उन्होंने इस लौटा दिया। इस मामले में कुछ समय पहले किसान यूनियन ने भी उपराज्यपाल से मुलाकात की थी। उनका कहना है कि सभी का सर्किल रेट पांच करोड़ रुपये किया जाए।

पहले पूरी दिल्ली में कृषि भूमि का सर्किल रेट एक ही होता था, लेकिन केजरीवाल सरकार ने अलग-अलग इलाके में कई गुना बढ़ोतरी करके फाइल उप राज्यपाल को भेजी थी।

# कातिल सांड: अलीपुर में दो सांडों के बीच महासंग्राम

**चपेट में आने से बाइक सवार की दर्दनाक मौत, सांडों के टकराने से बाइक सवार अपनी बाइक को नियंत्रित नहीं कर सका**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अलीपुर इलाके में सड़क पर लड़ कर रहे दो सांडों के चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सांडों के टकराने से बाइक सवार अपनी बाइक को नियंत्रित नहीं कर सका और गिरकर अचेत हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस उसे तुरंत पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। मृतक की शिनाख्त चांद बाबू उर्फ राजेश (35) के रूप में हुई है। पानीपत हरियाणा का रहने वाला चांद बाबू अलीपुर के खेड़ाकलां में अपनी पत्नी, चार बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहता था। वह




बुढ़पुर इलाके में केटरिंग का काम करता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना करीब नौ बजे एक राहगीर ने पुलिस को सूचना दी कि साई बाबा मंदिर के पास सड़क पर सांड लड़ रहे थे। उनकी चपेट में आने से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को वहां एक बाइक क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली और सड़क पर काफी खून बिखरा हुआ था। वहां छानबीन करने पर पता चला कि घायल युवक को पीसीआर वैन पास के अस्पताल में ले गई है। पुलिस ने सूचना देने वाले के मोबाइल पर संपर्क किया।

**दुखद**

**पुलिस लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। मृतक की शिनाख्त चांद बाबू उर्फ राजेश के रूप में हुई**

उसने अपना नाम लामपुर निवासी विष्णु प्रकाश बताया। उसने बताया कि वह अपनी बाइक से बुढ़पुर के पास पहुंचा था। उसके आगे एक बाइक सवार चल रहा था। अचानक दो सांड लड़ते हुए सड़क पर आ गए और बाइक सवार उनसे टकराकर सड़क पर गिर गया। सांड वहां से लड़ते हुए निकल गए। वह बाइक सवार के पास पहुंचा।

# 123 साल में दूसरी बार सबसे गर्म दिन रहा 4 सितंबर

**सोमवार को दिल्ली में रिकॉर्ड गर्मी दर्ज की गई है। सोमवार को पारा 40.1 डिग्री पहुंच गया। सोमवार को सितंबर माह में 123 वर्ष में दूसरी बार सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया**



**टीम एक्शन इंडियाा/नई दिल्ली**
देश की राजधानी दिल्ली में सितंबर माह में गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सोमवार को दिल्ली में रिकॉर्ड गर्मी दर्ज की गई है। सोमवार को पारा 40.1 डिग्री पहुंच गया। सोमवार को सितंबर माह में 123 वर्ष में दूसरी बार सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया है। 123 साल में 16 सितंबर 1938 में पहली बार गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ा था। सोमवार को दिल्ली में तेज धूप की वजह से सावन में भी भादो का एहसास हुआ। सोमवार को कड़ी धूप के बीच अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, यह सामान्य से छह डिग्री अधिक था। मौसम विभाग ने बताया कि सितंबर माह में सबसे ज्यादा 40.6 डिग्री तापमान 16 सितंबर 1938 को रिकॉर्ड किया गया था। अगस्त में भी किसी दिन पारा 40 डिग्री नहीं पहुंचा। ऑल टाइम रिकॉर्ड वर्ष 1938 में

**रिकॉर्डतोड़**

**123 साल में 16 सितंबर 1938 में पहली बार गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ा था। सावन में भी भादो का एहसास हुआ**

40.6 डिग्री सेल्सियस रहा है। बारिश नहीं होने के कारण अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से एक डिग्री अधिक 26.3 डिग्री दर्ज हुआ। रविवार को अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार अब मंगलवार और बुधवार को हल्की बारिश होने की संभावना है। इस कारण से तापमान में मामूली कमी देखने को मिलेगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री रहने का अनुमान है।

# शिक्षक दिवस पर आतिशी ने सिसोदिया को किया याद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शिक्षक दिवस के मौके पर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर भावुक पोस्ट किया है। आतिशी ने मनीष सिसोदिया को याद करते हुए उन्हें एजुकेशन का लीडर बताया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि उनके साथ बिताया हर पल सीखने का अवसर था। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शराब घोटाले के मामले में फरवरी से जेल में बंद हैं। उनके पास दिल्ली के शिक्षा विभाग की भी जिम्मेदारी थी। सिसोदिया ने अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के बाद दिल्ली कैबिनेट से




इस्तीफा दे दिया था। मंत्री आतिशी ने कहा कि एजुकेशन टीम के लीडर हैं। उनके साथ गुजारा हर क्षण सीखने का अवसर है। आज मैंने मनीष सर को शिक्षक दिवस पर देना चाहती हूं। आतिशी ने आगे कहा कि यह उनकी वजह से है कि अरविंद केजरीवाल

**भावुक हुई**

**मनीष सिसोदिया शराब घोटाले के मामले में फरवरी से जेल में बंद हैं। दिल्ली के शिक्षा विभाग की भी जिम्मेदारी थी**

सरकार शिक्षकों के लिए बड़े कदम उठाने में सक्षम है और उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान कर रही है। बता दें कि आतिशी को मार्च में शिक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था। सिसौदिया की अनुपस्थिति में उन्हें कुछ अन्य विभागों का प्रभार भी सौंपा गया था।

# जी20 समिट में दमकल विभाग भी तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में शुरू हो रहे जी 20 समिट की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी बीच दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। डीएफएस के निदेशक अतुल गर्ग ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि राजधानी में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के लिए 35 दमकल गाड़ियां और 500 कर्मियों को तैनात किया जाएगा।
गर्ग ने कहा कि विभाग शिखर सम्मेलन के दौरान आग से संबंधित किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि डीएफएस

**तैयारी**

**जी20 शिखर सम्मेलन के लिए 35 दमकल गाड़ियां और 500 कर्मियों को तैनात किया जाएगा**

ने बारिश होने पर राजघाट क्षेत्र में किसी भी जलभराव से बचने के लिए चार विशेष हाई-वोल्टेज वॉटर पंपिंग मशीनें भी खरीदी हैं। आगे जानकारी देते हुए कहा कि हर विभाग आगामी जी20 बैठक के लिए तैयारी कर रहा है।

# ई-रिक्शा पलटने से दो लोगों की मौत, दो लोग घायल

**टीम एक्शन इंडियाा/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में ई-रिक्शा पलटने से दो लोगों की मौत हो गई। साथ ही दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में सोमवार रात एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। रात करीब 11 बजे एक ई-रिक्शा पलट गया, जिसमें चार लोग सवार थे। पुलिस ने आगे बताया कि ई-रिक्शा पलटने के



बाद सड़क के दूसरी ओर से आ रहा कोई अज्ञात वाहन उनके ऊपर से गुजर गया। पुलिस ने कहा कि हादसे में ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि इससे पहले नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के पास दो कारें दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। पुलिस के मुताबिक दोनों ड्राइवर नशे में लग रहे थे। हादसे में ड्राइवरों को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

# बाइडन, ऋषि सुनक और सभी मेहमानों के लिए तैयार है भारतीय खाने का मेन्यू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्र सरकार इन दिनों जी-20 सम्मेलन की तैयारियों में जुटी हुई है। विदेशों से आने वाले राष्ट्राध्यक्षों को भारत में किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राजधानी को सजाने संवारने का काम अंतिम चरण में है। विदेशी मेहमानों की सुरक्षा से लेकर उनके ठहरने और खाने-पीने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर तमाम देशों के दिग्गज राष्ट्राध्यक्ष जी-20 में जुट रहे हैं, जिन्हें चांदनी चौक के स्वादिष्ट व्यंजनों और इनोवेटिड मिलेट्स से बने व्यंजनों सहित स्वादिष्ट भारतीय स्ट्रीट फूड परोसा जाएगा। तय खाने के मेन्यू में




शेरपा को देश के अलग-अलग राज्यों के प्रमुख व्यंजन परोसे जाएंगे। इसमें राजस्थानी, साउथ इंडियन, पंजाबी समेत मध्यप्रदेश के चुनिंदा प्रमुख व्यंजन परोसे जाएंगे।

**इस तरह कुछ खाने का मेन्यू:** विदेशी मेहमानों के लिए ताज पैलेस ने विशेष भोजन की तैयारी है, जिसमें भारतीय डिश के साथ-साथ वेस्टर्न, फ्यूजन, मिनी बाइट्स शामिल हैं। 120 शेफ की एक

**खाने का प्रबंध**

**राष्ट्राध्यक्षों को भारत में किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं**

टीम ने मेहमानों के स्वाद को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा मेन्यू तैयार किया है। मेहमानों के ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के लिए कम से कम 500 डिश खास तौर पर तैयार किए गए हैं। इसमें मोटे अनाजों पर सबसे ज्यादा फोकस किया गया है। जी-20 के खाने के मेन्यू की बात करें, तो मिठाई में बीकानेर का मलाई घेवर, गुलाब चूरमा, गेहूं-बाजरा, बेसन चूरमा, पिस्ता कुल्फी, गोंद का हलवा, नारंगी मालपुआ, श्रीखंड, केसर पिस्ता-ठंडाई के फ्लेवर की सेवइयां, खीर, गाजर हलवा, मोतीचूर का लड्डू, अखरोट-अंजीर हलवा, अंगूरी रसमलाई, एप्पल क्रंबलपाई, मलाई कुल्फी विथ फालूदा, दाल-बादाम का हलवा, मिश्री मावा, जोधपुरी मावा कचौरी जैसे व्यंजन परोसे जाएंगे। भारतीय मेन्यू के अलावा इसमें थाई डेनमार्क के व्यंजन प्रमुखता से रहेंगे। इसमें कुकंबर वैलीश, कैबेज और डेनमार्क की डेनिस ब्रेड रॉल के साथ डेजर्ट में सिजलिंग ब्राउनी, हेजलनट, सिनमोम आइसक्रीम और केक भी परोसे जाएंगे। साउथ इंडियन व्यंजन भी मेहमानों को परोसे जाएंगे।

## न्यूज फ्लैश

### 11वें जागरण फिल्म फेस्टिवल के गुरुग्राम चैप्टर का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ

**गुरुग्राम।** गोरखपुर व बरेली में 11वें जागरण फिल्म फेस्टिवल की सफलता के बाद दुनिया के सबसे बड़े ट्रैवलिंग फिल्म फेस्टिवल के गुरुग्राम चैप्टर का भी शानदार आयोजन सम्पन्न हो चुका है। उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से रजनीगंधा द्वारा प्रस्तुत इस फिल्मोत्सव का उद्घाटन ऐपरल हाउस, गुरुग्राम में हुआ और दर्शकों ने एक अद्भुत सिनेमाई सफर का आनंद लिया। इस तीन दिवसीय फिल्मोत्सव के उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए उपस्थित थे- मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा के उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत सिंह चौटाला, मशहूर गायिका इला अरुण और अभिनेता राजेश कुमार। उपस्थित जनों को अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने बताया कि गुरुग्राम वास्तव में गुरु द्रोण की भूमि है जो आज बहुसंस्कृति नगर बन गया है। उन्होंने फिल्म उद्योग को सराहा कि उन्होंने गुरुग्राम को अपने दूसरे घर की तरह अपनाया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सांस्कृतिक सौहार्द वाले इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने के लिए हरियाणा सरकार जरूरी सहयोग देती रहेगी। उनका यह भी कहना था कि जिन्हें कला से सच्चा प्रेम है उन्हें इस फिल्मोत्सव में प्रामाणिक कलात्मकता देखने का सुअवसर मिलेगा। दिलचस्प वातार्लाप में मशहूर गायिका और अभिनेत्री इला अरुण ने इस ओर ध्यान दिलाया कि अभिनेताओं और राजनेताओं में क्या समानताएं हैं। उनका कहना था कि एक राजनेता लोगों से संवाद करता है जबकि एक अभिनेता दर्शकों को अपने साथ जोड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्में किसी समाज के सम्मिलित विचारों व दृष्टिकोणों को आकार देने में व आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। इला जी ने उस विवाद के बारे में भी बात की जो ह्लचोली के पीछे क्या हैह्ल गाना गाने के बाद हुआ था। अभिनेता राजेश कुमार ने इस पहल के लिए जागरण टीम की सराहना की जिससे सिनेमा के कद्रदानों, आकांक्षी फिल्मकारों और कलाकारों को प्रत्यक्ष और दिलचस्प वातार्लाप से जुड़ने, उसमें शामिल होने का मौका मिला है। वहां मौजूद लोग सन्नी कौशल के आने की भी प्रतीक्षा कर रहे थे ताकि उनसे बातचीत हो सके। सन्नी कौशल बहुत ही निपुण अभिनेता हैं जिन्हें फिल्म इंडस्ट्री में अपनी डायनमिक परफॉरमेंस के लिए जाना जाता है। फिल्म शिद्दत में अपनी भूमिका के लिए उन्हें खास पहचान मिली है, जिसमें उन्होंने अपनी विविधतापूर्ण अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया, जिससे फिल्म को गहराई और करिश्मा हासिल हुआ।

### स्वराज ने ट्रैक्टर्स की नई रेंज लॉन्च की

**अंबाला ।** देश में तेजी से बढ़ता ब्रांड और महिंद्रा ग्रुप का हिस्सा, स्वराज ट्रैक्टर्स ने आज 40 से 50 एचपी श्रेणी में ट्रैक्टरों की नई रेंज पेश की। हरित क्रांति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और भारत के पहले स्वदेशी ट्रैक्टर के लिए प्रसिद्ध, नई स्वराज रेंज भारत के कृषि मशीनीकरण को आगे बढ़ाने और भारतीय किसानों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्वराज ट्रैक्टर्स के दृढ़ समर्पण का प्रतीक है। नई रेंज भारत के तेजी से बढ़ते और प्रमुख 40-50 एचपी ट्रैक्टर सेगमेंट में स्वराज के उत्पाद पोर्टफोलियो की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए तैयार है। किसानों को सशक्त बनाने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के प्रति समर्पण के साथ, यह रेंज इस सेगमेंट में प्रदर्शन के नए मानक स्थापित करती है। ये ट्रैक्टर नवीनतम सुविधाओं और प्रौद्योगिकी के साथ सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर विजय पाने के लिए बेजोड़ शक्ति, विश्वसनीयता और स्टाइल की पेशकश करते हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के फार्म इक्विपमेंट सेक्टर के प्रेसिडेंट, हेमंत सिक्का ने टिप्पणी की, "स्वराज ब्रांड भारतीय किसानों के दिलों पर राज करता है। इस नई ट्रैक्टर रेंज के माध्यम से, हम बेहतर मशीनीकरण के लिए नवीनतम सुविधाओं और प्रौद्योगिकी की पेशकश कर रहे हैं। यह रेंज भारतीय कृषि और किसानों को अधिक उपज प्राप्त करने और कम मेहनत करके विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाती है।" हरीश चव्हाण, मुख्य कार्यकारी अधिकारी - स्वराज डिवीजन, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, ने नए ट्रैक्टरों के लॉन्च पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "इस नई ट्रैक्टर रेंज के साथ, हम मौलिक क्षमता, विश्वसनीयता को बढ़ाकर और भविष्य की कृषि यंत्रीकरण आवश्यकताओं के लिए इसे तैयार करके ब्रांड को भविष्य में आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदर्शन से परे, यह नई रेंज उभरते अनुप्रयोगों के लिए आराम, बहुपयोगिता पर जोर देती है और इसकी आधुनिक लेकिन प्रामाणिक स्टाइल ग्राहकों को आकर्षित करने वाली है।"

### गरेना ने की फ्री फायर इंडिया के लॉन्च की घोषणा

**नोएडा। सिंगापुर के वैश्विक ऑनलाइन गेम डेवलपर एवं पब्लिशर, गरेना** ने फ्री फायर इंडिया के लॉन्च की घोषणा की, जो 5 सितंबर से भारत में विशेष रूप से डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा। फ्री फायर इंडिया में सुरक्षित स्वस्थ और मजेदार गेमप्ले अनुभव को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतरीन कंटेंट और फीचर हैं। यह घोषणा एक लॉन्च इवेंट में गरेना के सह-संस्थापक श्री गांग ये और योटा इंफ्रास्ट्रक्चर ("योटा") के सह-संस्थापक एवं अध्यक्ष श्री दर्शन हीरानंदानी ने भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त, महामहिम साइमन वोंग की उपस्थिति में की। हीरानंदानी समूह की कंपनी योटा, फ्री फायर इंडिया के लिए लोकल क्लाउड होस्टिंग और स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेगी। योटा, ईस्पोर्ट्स सहित भारत में गरेना के उत्पाद की पेशकश की मदद के लिए स्थानीय सर्वर और नेटवर्क कनेक्टिविटी सेवाओं पर भारतीय यूजर के व्यक्तिगत डाटा का बेहतरीन प्रबंधन सुनिश्चित करेगी। फ्री फायर इंडिया में विशेष रूप से भारतीय यूजर के लिए विकसित फीचर और कंटेंट होंगे।

# वकीलों ने वर्क सस्पेंड जारी रखा

## एडवोकेट को गिरफ्तार करने आई पुलिस वकीलों के हंगामा के चलते खाली हाथ लौटी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर के कोर्ट परिसर में हुए हंगामे के चलते दूसरे दिन भी कोर्ट परिसर में वकीलों का वर्क सस्पेंड रहा। जिसके चलते लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि गत दिवस धोखाधड़ी के मामले में शहर पुलिस थाना इंचार्ज संदीप अपनी टीम के साथ कोर्ट परिसर में पहुंचे थे और वकील नरेंद्र शर्मा को पूछताछ के लिए थाने में ले जाने के लिए आए थे। लेकिन इसी बीच बार एसोसिएशन के प्रधान रोहित जैन ने उन्हे रोक लिया और वकील की गिरफतारी पर विरोध जताया और रोहित जैन व संदीप के बीच तिखी नौंक झौंक हुई। मामले की गर्मा गर्मी के चलते कोर्ट परिसर में वकीलों की भीड़ जमा हो गई और काफी देर तक हंगामा जारी रहा। इंस्पेक्टर संदीप ने कहा कि वे सिर्फ मामले में पूछताछ के लिए वकील को ले जाने के लिए आए है उन्हे गिरफतार नहीं किया जा रहा है। रोहित जैन ने बताया कि इस मामले की शिकायत उन्होनें सेशन जज को दी जिसके बाद सेशन जज ने एसपी अम्बाला को फोन किया और नरेंद्र शर्मा को छोड़ा गया और पुलिस की टीम वापिस लौट गई। इसके बाद वकीलों ने भी पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वर्क संस्पेंड कर दिया। आज दूसरे दिन भी कोर्ट परिसर में वकीलों ने वर्क संस्पेंड रखा। आज इस मामले के चलते शहर थाना प्रभारी मुनीष ने वकीलों के साथ बैठक की थी लेकिन वह बेनीतजा निकली। वकील अपनी मांगो पर अड़े हुए है।
उन्होनें कहा कि पुलिस अधिकारी इस प्रकार से किसी भी अधिवक्ता को कोर्ट परिसर में गिरफतार नहीं कर सकता है। उन्होनें बताया कि पुलिस को यदि किसी वकील को गिरफतार करना है तो पुलिस को नोटिस देना होता है लेकिन पुलिस अधिकारी ने ऐसा नहीं किया। इसके अलावा कोर्ट परिसर में किसी भी वकील को गिरफतार करने के आदेश सिर्फ कोर्ट दे सकती है।

उन्होनें कहा कि जब तक पुलिस अधिकारियों को लाइन हाजिर नहीं किया जाता या फिर बार एसो के समक्ष माफी नहीं मांगी जाती तब तक बार एसो द्वारा वर्क संस्पेंड रखा जाएगा। गौरतलब है कि उक्त वकील नरेंद्र शर्मा पर पुलिस वेरिफिकेशन में पुराने मामलो को छुपाने के आरोप है। पुलिस ने बताया इसी के चलते पूछताछ के लिए वकील को लेने के लिए आई थी।

## ऑफसाइट आपदा राहत पूर्वाभ्यास ड्रिल का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**विभिन्न** आपातकालीन समन्वयकों, जिला प्रशासन और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर पानीपत रिफाइनरी में औचक ऑनसाइट.सह.ऑफसाइट आपदा राहत पूर्वाभ्यास ड्रिल का आयोजन किया गया।
पानीपत जिला प्रशासन से डॉ.राज कुमार भौरिया जिला राजस्व अधिकारी पानीपत ने इमरजेंसी कंट्रोल रूम पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। चूंकि हाइड्रोजन सल्फाइड के रिसाव को नियंत्रित करना आवश्यक था ताकि आसपास के गांव प्रभावित न हो सकें। इस अवसर पर डीआरओ, राम निवास एसआईए बहोली थाना ने भी भाग लिया। इसके अलावा पानीपत जिला फायर सर्विस, एनएफएल की फायर सर्विस, पीटीपीएस की फायर सर्विस ने अपना फायर टेंडर व अधिकारियों के साथ एक.एक टीम के साथ इस अभ्यास में भाग लिया। ड्रिल के बाद सम्मेलन.कक्ष में एक डी.ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया। जहां आपातकालीन तैयारी योजना में और सुधार के लिए अवलोकनों की समीक्षा एम एल डहरिया कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख ने की।

## अंडर-14 जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अंबाला शहर रहा प्रथम



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार) जिला स्तरीय** क्रीड़ा प्रतियोगिता अंबाला छावनी और अंबाला शहर के बीच व 14 लड़के हॉकी मैच खेला गया। इस मैच के विशेष अतिथि साहिल सचदेवा (सहायक मौलिक शिक्षा अधिकारी) ने खिलाड़ियों के साथ परिचय किया और आशीर्वाद दिया। इनके साथ व 14 क्रीड़ा प्रतियोगिता के जिला सचिव राजेंद्र सिंह मुख्याध्यापक, भीम सिंह, अमनदीप मान, नितिन सभरवाल (पीटीआई), यादविंदर सिंह, अमन शर्मा, बलजीत सिंह व जितेन्द्र (हॉकी कोच), अमनदीप (हॉकी कोच), परमजीत (नर्सरी कोच) ने टूर्नामेंट को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## खेल प्रतियोगिता में गोल्डन हैरियर स्कूल के छात्रों का रहा बेहतर प्रदर्शन

**राईः गोल्डन हैरियर** स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने अपने शानदार प्रदर्शन से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान हासिल लिया। प्रतियोगित में आयु वर्ग(14) में ऊंची कूद में छात्र मोहित (सातवीं) ने प्रथम स्थान तथा तनिष्क ने द्वितीय हासिल किया। आयु वर्ग (17)में ग्यारहवी व्यक्षा के छात्राग जश्न ने प्रथम तथा टिंकू ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा ग्यारहवी के छात्र ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वही ग्याहरवीं क छात्र शिवम ने आयु वर्ग 19 में तृतीय तथा शैनल ने आयु वर्ग 17 में तृतीय स्थान प्राप्त लिया।

## एमडीयू के एम ए पॉलिटिकल साइंस के स्वर्ण पदक विजेता का किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी विशाल पुत्र जगबीर सिंह ने एमडीयू के एम ए पॉलिटिकल साइंस की वर्ष 2023 की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल जीता। उनके सम्मान में स्कूल में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विशाल का फलमालाओं से स्वागत किया। स्कूल के चेयरमैन अजय यादव ने विशाल को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यादव ने कहा कि चाइल्ड केयर स्कूल से निकले विद्यार्थी अलग अलग संस्थाओं में कार्यरत है और अपने मां बाप का नाम रौशन कर रहे है। स्कूल के छात्रों ने किसी न किसी क्षेत्र में बुलंदिया छू रहे है। स्कूल के बहुत बच्चे सरकारी नौकरियां लगे हुए है और छात्र रहे विकास डा. बनकर चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे है। इस अवसर पर गांव के सरपंच नरेंद्र यादव, स्कूल स्टाफ एवम अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# 'पढ़ाई के साथ खेलो में भी अपना कैरियर भी बना सकते है बच्चे'

## राज्यस्तरीय रोलर स्केट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में खेलेंगे जिले के बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। प्रयास इंटरनेशनल** स्कूल के खेल परिसर में छठी डिस्ट्रिस्ट रोलर स्केट बास्केटबॉल एंड रोलर स्केटिंग ओपन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें गन्नौर, सोनीपत व गोहाना से करीब 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय स्पर्धा के लिए चयन किया गया है। प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि के तौर पर देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। आयोजकों ने बुके भेंट कर कादियान का स्वागत किया। कादियान ने खेल स्पर्धा का बॉल उछालकर शुभारंभ कराया और समापन पर विजेताओं को मेडल वितरित किए व बच्चों को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने की मनोकामना की। कादियान ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न खेलनों में रुचि बढ़ानी चाहिए। पढ़ाई के साथ खेल खेलने से बच्चा अपना केरियर भी बना सकता है। देश-विदेश में हरियाणा प्रदेश की पहचान खेलों से है। रोलर स्केट बास्केटबॉल फेडरेशन के महासचिव उमेश ने बताया कि इस प्रतियोगिता
में सभी चयनित खिलाड़ी सोनीपत जिले की टीम में शामिल होकर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जो 14-15 अक्टूबर को रोहतक में रोलर स्केट बास्केटबॉल एसोसिएशन, हरियाणा द्वारा कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रयास स्कूल एमडी डा. संजय जैन, अमित बत्रा, एनओआरएएफ प्रबंध निदेशक विजेंद्र सिंह, स्कूल प्रिंसिपल कृष्ण मलिक आदि मौजूद रहे।

## माघ मंडल संस्थान ने मनाया राजा रवि वर्मा चित्रकार सम्मान समारोह - चित्रांजली 2023



**नई दिल्ली :** माघ मंडल संस्थान और ललित कला एके-डमी ने भारत के पहले आधुनिक कलाकार राजा रवि वर्मा के योगदान का जश्न मनाने के लिए अपनी इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी चित्रांजली 2023 के छठे संस्करण का आयोजन किया। महामहिम श्री आरिफ मोहम्मद खान (केरल के गवर्नर) और माननीय श्री जी. सी. मुरमु (भारत के नियन्त्रक और महा लेखापरीक्षक) चित्रांजली 2023 के दौरान मुख्य अतिथि एवं माननीय अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन ललित कला एकेडमी के सहयोग से 5 सितम्बर को नई दिल्ली के डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में किया गया। इस मौके पर श्री रमा वर्मा थमपुरम और मिस विमलेश ब्रजवाल (सचिव, माघ मंडल संस्थान) भी मौजूद रहे। चित्रांजली एक अनूठा मंच है जो भारतीय इतिहास के सबसे प्रख्यात और लोकप्रिय चित्रकारों एवं कलाकारों में से एक को श्रृद्धांजली अर्पित करता है, साथ ही विभिन्न पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले कलाकारों को सम्मानित करता है। इस साल भारत से 15 कलाकारों को कला एवं संस्कृति में उनके योगदान के लिए माघ मंडल संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित इस समारोह में 500 से अधिक उपस्थितगण मौजूद थे। मानवीय रचनात्मकता एवं कल्पना के विविध रंगोंके बीच माघ मंडल संस्थान की सचिव मिस विमलेश ब्रजवाल ने अपने शब्दों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, उन्होंने राजा रवि वर्मा के अमर कार्यों पर रोशनी डालते हुए कहा ह्यह्यराजा रवि वर्मा की कलाकृतियां हमेशा चित्रकारों द्वारा सराही जाएंगी, जो मूल अवधारणाओं, अलौकिक पद्धतियों और विचारोत्तेजन मास्टपीसेज पर आधारित हैं।

## धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**महाराणा प्रताप** हाई स्कूल ददलाना में शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया । जिसमें शिक्षक बच्चों द्वारा दूसरे बच्चों को पढ़ाया गया। मुख्याध्यापक बृजमोहन शर्मा ने बताया कि देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है । उन्होंने बताया कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक शिक्षक होने के साथ-साथ सुप्रसिद्ध दार्शनिक भी थे । 5 सितंबर 1962 से इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है । शिक्षक दिवस शिक्षकों का सम्मान बढ़ाने और उनके महत्व को समझने का दिन है । हमें हमेशा अपने शिक्षकों और गुरुजनों का मान सम्मान करना चाहिए । इस अवसर पर राजेंद्र कुमार, अशोक कुमार , गोविंद , प्रिंसी, विनीता , मोनिका , आरती , काजल , महिमा , पूजा आदि स्टाफ सदस्यों के अलावा बच्चे उपस्थित रहे ।

## केंद्रीय मंत्री सबार्नंद ने आयुर्वेद, सुप्रजा, वयोमित्र पर आयुष कार्यक्रमों को मजबूत करने का आह्वान किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**राष्ट्रीय** आयुष मिशन की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक का उद्घाटन केंद्रीय आयुष और बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोणोवाल ने केंद्रीय आयुष और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, तमिलनाडु सरकार, थिरु मा सुब्रमण्यम, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, कर्नाटक सरकार, दिनेश गुंडू राव, सचिव, आयुष मंत्रालय, वैद्य राजेश कोटेचा के साथ आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु सरकारों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के बीच किया। सभी भाग लेने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने आयुष की स्थिति और कार्यान्वयन के तहत अग्रणी आयुष कार्यक्रमों की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर केंद्रीय आयुष और बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री, सबार्नंद सोणोवाल ने कहा, आज हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है, इस विषय पर चर्चा की।

# अग्रवाल धर्मशाला में नेत्र चिकित्सा कैंप मे 190 मरीजों की हुई जांच

**कैंप**

**गुरुग्राम इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय से डॉक्टरों की टीम अग्रसेन समिति के सौजन्य से बुलाई गई थी**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**अग्रवाल धर्मशाला** गुड़ मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया जिसमें की गुरुग्राम इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय से डॉक्टरों की टीम अग्रसेन समिति के सौजन्य से बुलाई गई थी जिसमें की आम जनता अपनी आंखों का चेकअप बिना किसी शुल्क के करवाया और इसमें से 29 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई जिनमे से 28 मरीजों को टीम के साथ ऑपरेशन के लिए भेजा गया तथा जिनको कोई अन्य बीमारी थी तो उनको फ्री मे दवाइयां दी गई, इस कैंप मे पूर्णता फ्री इलाज किया जाता है और जिन वृद्धों को दवाइयों और अन्य किसी चीज की आवश्यकता होती है उनको बिना किसी शुल्क के प्रदान किया जाता है। इस कैम्प मे मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त मे की गई,प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया की हर महीने के पहले मंगलवार को यह कैम्प लगाया जायेगा,संजय सिंगला ने बताया की आज इस कैम्प मे 190 मरीजों ने जाँच करवाई,जिसमें महाराजा अग्रसेन समिति के सदस्य सभी एकजुट होकर आम जनता की सेवा करते हैं और महीने के पहले मंगलवार को नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया जाता है जिससे कि गरीबों और वृद्धों का इलाज फ्री में किया जा सके।

इस मौके पर समिति के महासचिव ओ डी गर्ग,कैम्प इंचार्ज प्रदीप गोयल, दयाराम जैन,डॉक्टर राजेश गुप्ता,राजीव गर्ग,बबीता जिंदल, अंजलि जिंदल व डॉक्टर टीम के इंचार्ज सुभाष यादव, डॉक्टर विवेक कुमार, ऑप्टिरमीट्रिस्ट रक्षा, चाटा, आर्य, सफिया, स्वेता आदि मौजूद रहे।

## वीटो4इंडियाः हक बनता है! भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट का है हकदार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** नागरिक, प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और उत्सुक वकील "वीटो4इंडियाः हक बनता है! इंडिया डिजर्व्स" कार्यक्रम के लिए नई दिल्ली स्थित प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में इक्ट्ठे हुए। यह ऐतिहासिक अवसर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत के लिए स्थायी सीट सुरक्षित करने के लिए चल रहे आंदोलन में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि वीटो4इंडिया के संस्थापक अरविंद सिंह, राजदूत अनिल त्रिगुणायत आईएफएस (सेवानिवृत्त), मेल्विन विलियम्स चिरायथ (सिने अभिनेता, लेखक, निर्देशक, निमार्ता, क्यूरेटर, उद्यमी व संस्कृति पत्रकार) और सुप्रीम कोर्ट के वकील देश रतन निगम उपस्थित थे।

जीवंत प्रश्न और उत्तर सत्र के बीच श्री राम सेंटर प्रोफेशनल्स द्वारा एक ज्ञानवर्धक नाटक भी पेश किया गया, जहां प्रतिभागियों ने अपने विचार और चिंताएं व्यक्त कीं।
वीटो4इंडिया के संस्थापक, अरविंद सिंह ने कहा, "आज, हम न केवल नागरिकों के रूप में, बल्कि भारत के भाग्य के प्रबंधक के रूप में इकट्ठा हुए हैं और उस मान्यता की मांग करते हैं जिसका हमारा देश विश्व मंच पर हकदार है।"

## अंडरपास के बाद फ्लाईओवर भी जल्द तैयार करने का दिया आदेश

# नांगलोई:13 सालों के लंबे इंतजार के बाद बनकर तैयार हुआ अंडरपास






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के नांगलोई-सुल्तानपुरी में लोगों की सुविधा के लिए लगभग 13 साल से बन रहें अंडरपास का निर्माण कार्य खत्म होने के बाद लोगों को सौंप दिया हैं, तो वहीं अंडरपास के बाद अब फ्लाई ओवर का काम जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं, नांगलोई से सुल्तानपुरी जाने के लिए लोगों को अभी पीरागढ़ी से घूमकर जाना पड़ता है, लेकिन अंडरपास बनने से समय की बचत होगी। वह अंडरपास की मदद से नांगलोई से सुल्तानपुरी जा सकेंगे।

**महापौर ने किया उद्घाटन:** **अंडरपास** के उद्घाटन के दौरान दिल्ली नगर निगम की महापौर ड़ा शैली ऑबराय ने कहा कि इस अंडरपास की वजह से आस-पास के लोगों के साथ-साथ दिल्ली के लाखों लोगों को इसका सीधा ही फायदा होगा। उद्घाटन के दौरान डॉ. शैली ओबेराय और उप महापौर, आम आदमी पार्टी से क्षेत्रिय विधायक रधुविंद्र शौकिन, ज्वालापुरी वार्ड 45 की निगम पार्षद संतोष पप्पू छिलवाल समेत अन्य कई लोग मौजूद थे। पार्षद संतोष पप्पू छिलवाल का कहना हैं कि उनकी सरकार के निगम में आने के बाद से लगातार कार्यों की निगरानी और निरीक्षण से यह काम पूरा हो पाया है, जबकि 13 वर्षों से यह कार्य चल रहा था।

**सहुलियत...**

**नांगलोई से सुल्तानपुरी जाने के लिए लोगों को अभी पीरागढ़ी से घूमकर जाना पड़ता है, लेकिन अंडरपास बनने से समय की बचत होगी और लोग अंडरपास की मदद से नांगलोई से सुल्तानपुरी जा सकेंगे।**

**39 करोड़ में पास हुआ था टेंडर, खत्म होते-होते पहुंचा 65 करोड़:** इस परियोजना के लिए शुरूआती तौर पर 39 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि तय की गई थी, लेकिन 65 करोड़ रुपये में यह परियोजना पूरी हो पाई है। परियोजना के इतने वर्षों से लंबित होने की वजह से नागरिकों को काफी परेशानी होती थी और जाम भी लगता था।

**2010 से लंबित थी परियोजना:** महापौर डॉ. शैली ओबेराय ने बताया कि नगर निगम में आप की सरकार बनते ही सुल्तानपुरी फ्लाई ओवर और अंडरपास पर ध्यान दिया गया, क्योंकि यह परियोजना 2010 से लंबित थी, जिसके बाद लंबित फंड भी जल्द जारी किया गया।

**फ्लाई ओवर का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं:** महापौर के अनुसार कार्यभार संभालने के बाद वे वह निजी तौर पर इसकी निगरानी कर रही थीं।

हर माह अधिकारियों से अंडरपास को लेकर इसकी रिपोर्ट ली। पांच माह में दो बार परियोजना का जमीनी निरीक्षण किया।

## शिक्षक ही होते हैं भविष्य की मजबूत नीव के आधार: अजयवीर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डा. एस. राधाकृष्णन को** याद करते हुए गर्वमेंट स्कूल टीचर्स एसोसिएशन के महासचिव अजयवीर यादव ने आज शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षक व शिक्षिकाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

वहीं इस मौके यादव ने डा. एस. राधाकृष्णन के विचारों व आदर्शो पर चलने की प्रेरणा लेने की छात्राओं से अपील की।



**शिक्षक बच्चों के लिए गाईड़ होते हैं:** उन्होंने कहा कि शिक्षक गाईड होते हैं। बच्चें वह वही सीखते हैं जो हम सिखाते हैं।

हम उन्हें उन रास्तों पर चलना सिखाते हैं जिन पर छात्रों का उत्थान होता है।

उन्होंने कहा कि टीचर्स डे का मतलब केवल उस दिन को मनाया जाना नहीं बल्कि अपनी टीचर्स की बातों को मानकर अच्छा बनना है। इस मौके पर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर छिकारा ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डा. एस. राधाकृष्णन से जब उनके एक छात्र ने 5 सितंबर के दिन उनका जन्मदिन मनाने की इजाजत मांगी तो उन्होंने कहा कि उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के तौर पर मनाया जाये। इसलिए 5 सितंबर 1962 से भारत में टीचर्स डे मनाया जा रहा है।

## डॉ.एस राधाकृष्णन स्मृति राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से कई सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ नई दिल्ली के तत्वावधान में नई दिल्ली के सफदरजंग रोड़ पर पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न स्वर्गीय डॉ. एस राधाकृष्णन की 136वीं जयंती संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स बरवाला के सान्निध्य में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रुप में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य



अतिथि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले सहित भारत की चार महान विभूतियों को 39वें डॉ.एस राधाकृष्णन स्मृति राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। वत्स के अनुसार संगीत शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान देने के लिए हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की सुप्रसिद्ध गायिका एवं संगीत गुरु विदुषी पद्मश्री सुमित्रा गुहा, सुप्रसिद्ध बांसुरी और शहनाई वादक संगीत गुरु पंडित राजेन्द्र प्रसन्ना, सुप्रसिद्ध वायलिन वादक संगीत गुरु पंडित डॉ. संतोष नाहर तथा राज्यमंत्री रामदास आठवले को लोकसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 39वें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्मृति राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2023 से अलंकृत किया गया।

# ज्वालापुरी: वार्ड-45 में आवारा पशुओं का आतंक, लोग परेशान, प्रशासन नहीं दें रहा ध्यान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नांगलोई विधानसभा** क्षेत्र के चारों वार्ड ज्वालापुरी का वाड़ नंबर-45, नांगलोई जाट का वाड़ नंबर-46, निहाल विहार का वाड़ नंबर-47 व गुरू हरिकिशन नगर का वाड़ नंबर-48 काफी लंबे समय से आवारा पशुओं के आतंक से परेशान हैं। खासकर ज्वालापुरी वार्ड नंबर-45 में मुख्य मार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई हैं। दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है जो कि छोटे बच्चों के लिए काफी खतरनाक साबित हो रहा हैं।

वहीं मुख्य सड़क हो या आम रास्ता सभी जगह आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।





इससे आए दिन दुर्घटनाएं भी घटती रहती हैं। जानकारी के लिए बतादें कि वार्ड-45 स्थित राव विहार, पीवीसी मार्किट,हनुमान इंकलेव के अलावा कई इलाके में लगभग नौ से दस डेरी हैं, जिसमें लगभग छः सौ से सात सौ गाय हैं, जिनका दूध निकालने के बाद इनको सड़को पर खुला छोड़ दिया जाता है, जिसकी वजह से इलाके के लोग व राहगीर खासा परेशान हो रहे हैं।

**आवारा पशु ने बच्चे को किया घायल: पार्षद** संतोष पप्पू छिलवाल ने बताया कि हाल ही में आवारा पशु ने एक तीन साल के बच्चे को टक्कर मारकर उसे घायल कर दिया था, गनीमत तो यह रही की बच्चे की जान बच गई, वहीं उन्होनें यह भी कहा है कि मामले में मैने कई बार रोहिणी जोन की उपायुक्त से भी शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। वहीं पार्षद ने संबंधित अधिकारी एमटीआई कुलदीप से भी शिकायत की, उन्होने मामले में टाल-मटोल करके अपना पल्ला झाड़ लिया।

**संबंधित अधिकारी जवाबदेही से बच रहें हैं:** वहीं पार्षद संतोष पप्पू छिलवाल ने रोहिणी जोन के संबंधित अधिकारी, एमटीआई की जवाबदेही पर प्रश्न उठाते हुए कहा है कि जब इस तरह से आवारा पशु राहगीरों को इतना परेशान कर रहें हैं, कभी छोटे बच्चें इनकी वजह से चोटिल हो रहें हैं तो कभी बडे बुजुर्ग इन आवारा पशुओं की चपेट में आ रहें हैं, बावजूद इसके संबधित प्रशासन कार्यवाही करने से बच रहा हैं, क्या संबंधित प्रशासन को किसी बडी दुर्घटना का इंतजार हैं।

## दांतों से जुड़ी हुई सभी बीमारियों का इलाज सबसे सस्ते रेट पर किया जाता है: अंकित शाही

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी मंगल बाजार स्थित सदर लायंस धर्मार्थ अस्पताल में डॉ. अंकित कुमार शाही (बीडीएस, एमडीएस) के द्वारा टेढ़े-मेढ़े, तिरछे एवं बाहर निकले दांत, ऊपर नीचे दांत, अन्दर बाहर दांत, दांतों के ऊपर दांत, दांतों में गैप हो और दांतों की अन्य बिमारियों का इलाज उचित दर पर किया जाता है। डॉ. अंकित कुमार शाही ने बताया कि मेरा लक्ष्य गरीब व निर्धन तबके और गरीब लड़कियों और स्टूडेंट की मदद करना है। उनका कहना है कि दांतों से संबंधित कई बिमारियों का इलाज



महंगा होता है, इसलिए गरीब नहीं करवा पाते है, मेरा लक्ष्य है कि लोगों की दांतों से जुड़ी हुई जो भी समस्याएं है, उसका समाधान हो। उन्होंने आगे कहा कि अगर टेढ़े-मेढ़े, तिरछे एवं बाहर निकले दांत, ऊपर-नीचे दांत, अन्दर-बाहर दांत, दांतों के ऊपर दांत, दांतों में गैप हो तो आप मुझसे संपर्क करें, मैं आप लोगों की दांतों से संबंधित बिमारियों की समस्याओ का समाधान करने की पूरी कोशिश करूगां।

**सुविधा...**

**टेढ़े-मेढ़े, तिरछे एवं बाहर निकले दांत, ऊपर-नीचे दांत, अन्दर-बाहर दांतों का आसान किस्तों में इलाज करवाये: शाही**

## स्मृति वन नरेला के ओपन जिम की हालत खस्ता: राजव्रत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** में कुछ सालों पहले दिल्ली विकास प्राधिकरण ने इस क्षेत्र के 33 बीघा में फैले स्मृति वन/डिस्ट्रिक्ट पार्क में जनता के स्वास्थ्य लाभ के मद्देनजर एक ओपन जिम लगाया था। किंतु आज संबंधित डिवीजन द्वारा लगातार अनदेखी किए जाने के कारण यह दयनीय हालत में पहुंच चुका है, जिसके कारण यहां आने वाले प्रतिदिन हजारों यूजर्स इस जिम की पूरी सुविधा न मिलने के कारण निराश हैं। ट्विस्टर के पहिए गायब हैं, लेग प्रेस की एक लैग नहीं है, स्टैयर स्टेपर का पहिया गायब है। अन्य



उपकरण नियमित ग्रीसिंग ना होने एवं बेयरिंग घिस जाने के कारण अनेक तरह की आवाज पैदा कर रहे हैं। मशीन की सीटें टूटने से यूजर्स के कपड़े फंस कर फट रहे है। संबंधित सुपरवाइजर अन्य दूसरे कार्यों में मशगूल रहता है जैसे उसकी कोई जिम्मेदारी ही नहीं है। उक्त जानकारी नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत आर्य ने दी। संबंधित अधिकारियों से नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत आर्य का अनुरोध है कि इस क्षेत्र के विशाल 33 बीघा के क्षेत्रफल में फैले इस डिस्ट्रिक्ट पार्क की वर्णित समस्याओं पर जल्दी ही उचित कदम उठाकर इनका निराकरण करने की कृपा करें।




## जहांगीरपुरी में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

### सभी को हमेशा ही देशहित में कार्य करना चाहिए: जितेन्द्र ढ़ीका




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**'मेरी** माटी, मेरा देश' अभियान के तहत जहांगीरपुरी वार्ड के जहांगीरपुरी इलाके में अभियान चलाया गया। इस मौके पर पूर्व निगम प्रत्याशी दिव्या झा, भाजपा नेता जितेन्द्र ढ़िका, संजय शर्मा, गणेश गर्ग, चंचल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका ने मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के विषय में लोगों को जानकारी भी दी। इस मौके पर भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका ने कहा कि सभी को हमेशा ही देशहित में कार्य करना चाहिए। चाहे परिस्थिति कैसी भी क्यों न हो। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा ही देशहित व जनहित में कार्य करती है।

## विधायक अजेश यादव ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव और जहांगीरपुरी वार्ड की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने जहांगीरपुरी के जे ब्लॉक की 500 वाली गली में नई सीवर लाइन और गली और नालियो के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। विधायक अजेश यादव ने जनता को सम्बोधित करते हुये घोषणा की जल्द ही जहांगीर पुरी के आई और जे ब्लॉक की सभी गलियां बनेंगी और सभी पार्को का सौंदर्यकरण होगा। जनता से किये हुए सभी वादे पूरे किये जायेगें। इस अवसर पर विधायक अजेश यादव की धर्मपत्नी आशा अजेश यादव के अलावा सुरेश शर्मा, लख्मी पाल, अनुज सिंह, प्रदीप गोयल, त्रिवेणी यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं।

# साइकिल यात्रा के जरिये दिया जाएगा नशा मुक्त हरियाणा का संदेश: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ करनाल से एक सितम्बर से आरंभ हुई (साइक्लोथॉन) साइकिल रैली छह सितंबर को 09:30 जिला फरीदाबाद में पहुंचेगी। डीसी विक्रम सिंह साइक्लोथॉन रैली की तैयारियों को लेकर सेक्टर-12 लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला पार्षद, सरपंच, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, स्कूलों और कॉलेजों के अधिकारी, इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर साइक्लोथॉन के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा रहे थे। उन्होंने साइक्लोथॉन के



आयोजन में जिला फरीदाबाद के युवाओं की भागीदारी अधिक से अधिक करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि साइकिल यात्रा के दौरान पूरा रास्ता कवर करने वाले एक साइकिल लिस्ट को इनाम में साइकिल दी जाएगी।
यहाँ से गुजरेगी साइकिल यात्राः डीसी विक्रम सिंह ने बताया की यह साइकिल यात्रा जिला स्थित गाँव बलूदा, धौज, पाली, बल्लभगढ़ तथा गदपुरी सहित विभिन्न गाँवों से गुजरकर पलवल जिला में प्रवेश करेगी। वहीं साइक्लोथॉन को भव्य रूप देने तथा ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा भी लोगों की सुरक्षा को देखते हुए सभी इंतजाम पूरे किए गए हैं।

**युवाओं में गजब का उत्साह**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि साइक्लोथॉन को लेकर स्कूल व कॉलेजों के बच्चों सहित जिला के युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि हरियाणा सरकार द्वारा यह पहल युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए ही शुरू की गई है।

जिला फरीदाबाद में साइक्लोथॉन के दौरान जगह-जगह नशे के खिलाफ भव्य सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने ने जिला में पंचायती राज जनप्रतिनिधियों में जिला पार्षदों, सरपंचो, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, स्कूलों और कॉलेजों के अधिकारी, इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के तथा इस क्षेत्र से जुड़ी संस्थाओं का आह्वान किया कि समाज में नशे की प्रवृति से छुटकारा दिलाने और युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए हर वर्ग का सहयोग जरूरी है।
इसके लिए प्रशासन की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत आयोजित की जा रही साइक्लोथॉन में हम सब मिलकर भाग लें और समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दें कि जब हमें नशे से आजादी मिलेगी तभी हम अपनी आने वाली पढ़ियो को वर्तमान की युवा शक्ति को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा पाएं।



रोटरी क्लब रायल द्वारा जीवीपवी स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह में क्लब प्रधान जतिन जैन व क्लब के पदाधिकारी अजय त्यागी व अन्य शिक्षकों को सम्मानित करते हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में होने वाली जी-20 बैठक को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस अलर्ट

गन्नौर। दिल्ली में होने वाली जी-20 बैठक को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस कमीशनर बी सतीश बालन के आदेश पर इंटेलिजेंस ब्यूरो, गुप्तचर विभाग, सुरक्षा शाखा की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को जीटी रोड पर सभी होटलों, गेस्ट हाउसों आदि स्थानों को जांचा। इंटेलिजेंस ब्यूरो के निरीक्षक विरेंद्र कुमार, उप निरीक्षक तिलक राज, गुप्तचर विभाग के उप निरीक्षक जयभगवान व सुरक्षा शाखा के हवलदार अजय कुमार ने होटल में रुकने वाले लोगों से भी पूछताछ की। वहीं होटलों के एंट्री रजिस्टरों को भी चैक किया गया। होटल संचालकों को आदेश दिए गए कि वह बिना आईडी प्रूफ लिए किसी भी व्यक्ति को कमरा न दें। उन्होंने होटल मालिकों को भी सख्त निर्देश दिए कि होटल व गेस्ट हाउस में कोई संदिग्ध व्यक्ति व असामाजिक तत्व रुकता है तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें।

### अस्पताल से लापता 42 वर्षीय मंदबुद्धि व्यक्ति को मिसिंग पर्सनल हेल्पलाइन व क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने परिजनों को तलाश कर किया हवाले

फरीदाबाद( हरपाल सिंह यादव )। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए मिसिंग पर्सनल हेल्पलाइन व क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत की टीम ने अस्पताल से लापता मंदबुद्धि व्यक्ति के परिजनों को तलाश कर हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 28 अगस्त को दिल्ली सफदरगंज अस्पताल से इलाज के दौरान मंदबुद्धि व्यक्ति लापता हो गया था। जो दिल्ली से फरीदाबाद में आ गया था। क्राइम ब्रांच कैट की टीम को मंदबुद्धि व्यक्ति 29 अगस्त को लावारिस अवस्था में मिला था। जिसको क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने इलाज के बाद ताऊ देवीलाल आश्रम एनआईटी फरीदाबाद में छोड़ा गया। जिसको पुलिस टीम के द्वारा अपने द्वारा बनाए गए ग्रुपों के माध्यम से व्यक्ति की फैमिली का उत्तर प्रदेश के नोएडा का पता लगा। परिवार से पता चला कि यह व्यक्ति लगभग 5 साल से सपना आश्रम नोएडा में रह रहा था जो 28 अगस्त को सब दर्जन हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। अस्पताल से व्यक्ति गुम हो गया था। जिसकी सूचना पुलिस स्टेशन सफदरजंग एनक्लेव दिल्ली में दर्ज कराई गई थी। अपने गुमशुदा व्यक्ति को प्राप्त करके परिजनो ने फरीदाबाद पुलिस का तह दिल से धन्यवाद किया।

### पचौली एस्थेटिक्स एण्ड वैलनैस ने किया अपने क्लिनिक का भव्य उद्घाटन



**फरीदाबाद** : वैलनैस सेक्टर के जाने-माने नाम पचौली एस्थेटिक्स एण्ड वैलनैस ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अपने फरीदाबाद क्लिनिक का भव्य उद्घाटन किया। पचौली का मानना है कि असली वैलनैस व्यक्ति के मन, शरीर और आत्मा से संबंधित होती है और फरीदाबाद का नया क्लिनिक ब्राण्ड के इसी दृष्टिकोण पर आधारित है। 3000 वर्गफीट में फैला यह क्लिनिक स्थानीय लोगों को स्किन, हेयर एवं वेट के आधुनिक ट्रीटमेन्ट्स के साथ-साथ आयुर्वेद की रेजुवेनेशन थेरेपियां भी उपलब्ध कराएगा। फरीदाबाद क्लिनिक का लॉन्च हरियाणा के फरीदाबाद स्थित सेक्टर 16 की हुडा मार्केट में डॉ प्रीति सेठ फाउंडर, मेंटर एवं एमडी पचौली एस्थेटिक्स एण्ड वैलनैस की मौजूदगी में हुआ। इस मौके पर दिल्ली डार्लिंग्स फेम, भारतीय टेलीविजन एक्टर, मॉडल एवं एंकर मिस सीमा गुंबर भी मौजूद रहीं। लॉन्च के अवसर पर डॉ प्रीति सेठ: फाउंडर, मेंटर एवं एमडी पचौली एस्थेटिक्स एण्ड वैलनैस ने कहा,ह्यह्यपचौली एस्थेटिक्स एण्ड वैलनैस, हॉलिस्टिक वैलनैस के क्षेत्र में जाना-माना नाम है, जो अपनी सर्विसेज एवं ट्रीटमेन्ट्स की व्यापक रेंज के साथ उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करता है। फरीदाबाद क्लिनिक हमारे मेहमानों को वैलनैस का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस यात्रा को लेकर हम बेहद उत्सुक हैं, और नए क्लिनिक में आपका स्वागत करते हैं।

### मस्तिष्क के विकास में भूमिका निभाता है शिक्षक

फरीदाबाद( हरपाल सिंह यादव )। विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि एक शिक्षक बच्चे के मस्तिष्क के विकास में भूमिका निभाता है। सोचने का तरीका विकसित करता है। शिक्षक ही हमें स्वयं को समझने का ज्ञान प्रदान करता है। वह मंगलवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस मौके पर सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा से याद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक की समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने एक शिक्षक की संज्ञानात्मक भूमिका के साथ- साथ उसकी सहानुभूति, करुणा और उदारता जैसे गुणों को इंगित करते हुए कहा कि शिक्षक का व्यक्तित्व बहुआयामी होना चाहिए।

# समय अवधि में ही करवाएं सभी कार्यों को पूरा: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया खरखौदा/ सोनीपत/सोमपाल सैनी सोनीपत,** उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि आईएमटी खरखौदा में मारूति के शुरू होने से यहां के विकास में तेजी आएगी। इसलिए भविष्य को देखकर ही एचएसआईआईडीसी के अधिकारी आईएमटी में मूल सुविधाओं का खांका तैयार करें ताकि भविष्य में कोई परेशानी न आएं। उन्होंने कहा कि आईएमटी खरखौदा को विकसित करते समय बिजली, पानी, सडक व अन्य सभी मूल सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे ताकि सरकार द्वारा आईएमटी में कपनियों को मजबूत इंफ्रास्ट्रक्कर मिल सके और उन्हें



कोई परेशानी न आए। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने मंगलवार को लघु सचिवालय खरखौदा में आयोजित बैठक में आईएमटी खरखौदा में होने वाले इंफ्रास्ट्रक्कर कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईएमटी में होने वाले कार्यों को लेकर कोई परेशानी आ रही है तो वे इस बारे में उन्हें तुरंत बताए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न आए और सभी कार्य निश्चित समय अवधि में पूरा हो सके। बैठक में उपायुक्त ने आईएमटी में पीने के पानी के लिए की गई व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, गन्दे पानी की निकासी की व्यवस्था, फायर स्टेशन, एसटीपी, सडकों की व्यवस्था सहित सभी पहलुओं पर बारिकी से संबंधित अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान एचएसआईआईडीसी के एजीएम कुलबीर सिंह ने बताया कि आईएमटी में इंफ्रास्ट्रक्कर को विकासित करने के लिए सरकार द्वारा 776 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसपर बहुत जल्दी कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईएमटी में पंचायत भूमि और मार्केट रेट लागू करने को लेकर तहसील कार्यालय द्वारा कुछ कार्य करना है, जिसपर उपायुक्त ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे इस कार्य को एक सप्ताह में पूरा करवाएं। इस दौरान उन्होंने खरखौदा से औचंदी बोर्डर तक जाने वाली सडक को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसको चौड़ा करने के लिए एक रूपरेखा तैयार करें और मुख्यालय भिजवाएं ताकि इसको चौड़ा किया जा सके और जाम की समस्या से छुटकारा पाया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने गांव पीपली में मुख्य सडक पर भरने वाले पानी की सही व्यवस्था करने के लिए बीडीपीओ खरखौदा को निर्देश दिए।

# बिजली की तारों का तत्काल समाधान करवाने की मांग की गई

**टीम एक्शन इंडिया/ खरखौदा/सोनीपत सोमपाल सैनी**

खरखौदा के सिसाना गांव की पंचायत मंगलवार को खरखौदा एसडीएम डॉ अनमोल से मिलने के लिए पहुंची। इस दौरान पंचायत की तरफ से किसानों को आ रही परेशानी के साथ ही गांव में लटकते हुई बिजली की तारों का तत्काल समाधान करवाने की मांग की गई। एसडीएम ने पंचायत की मांग सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को मामले में त्वरित कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। यहाँ पर आपको



बता दे कि एसडीएम ने मिलने पहुंचे सिसाना वासियों ने कहा कि माइनर में 5 दिन से पानी चल रहा है, लेकिन अब तक गांव के खेतों तक पानी पहुंच नहीं पाया है। ऐसे में किसानों की फैसले खराब हो रही है। ग्रामीण इस बारे में कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## वायरिंग शॉर्ट के कारण कॉलेज की सीएनजी बस में लगी आग

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )**। डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए तिगांव थाना प्रभारी दलबीर सिंह व उनकी टीम ने शॉर्ट सर्किट के कारण कॉलेज बस में लगी आग को फायर ब्रिगेड की मदद से काबू पाया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह में बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई की भुआपुर रोड पर एकलोन कॉलेज की बस में आग लग चुकी है। सूचना मिलते ही इआरवी टीम तथा तिगांव थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचकर देखा तो बस में आग बहुत ज्यादा लगी हुई थी।

# पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल के कार्यालय से शुरू हुई नमो तीर्थ यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। साथियों कल रात पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने अपने कार्यालय सागर सिनेमा से नमो तीर्थ यात्रा की शुरूआत करते हुए अयोध्या धाम के लिए पहली बस भेजनें की शुरूआत की जिसको झंडी दिखा रवाना करने के लिए स्वयं विश्व हिन्दू परिषद के अंतराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार पहुँचे व साथ में विहिप के ही ऑल इंडिया के कोषाध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सेकड़ो लोगों ने फूल मालाओ और पटका पहनाकर विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार का स्वागत किया। आपको यहाँ ये भी बता दें की पूर्व मंत्री विपुल गोयल पिछले 8 सालो से अलग अलग तीर्थं पर लाखो लोगों कों निशुल्क तीर्थ करवा चुके हैं। इस मोके पर पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने विहिप के सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए अपने सम्बोधन की शुरूआत की और कहा की आज प्रभु राम मंदिर का जो ऐतिहासिक मंदिर बनने जा रहा हैं उससे हर भारतवासी गौरवान्वित हैं क्योंकि बरसो से तप करते करते लाखो लोगों ने इसमें अपना बलिदान दिया हैं और आज हर रामभक्त खुश हैं की हम सभी उस सपने कों अपनी आँखों से पूरा होते देख रहे हैं। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने आगे कहा की साथियों ये मंदिर बनने का सपना तब साकार हुआ हैं जब आपकी और हमारी चुनी हुई भारतीय जनता पार्टी की सरकार में देश का नेतृत्व ऐसे व्यक्तित्व के हाथो में हैं जिन्होंने अनगिनत ऐसे काम करके दिखा दिए जो एक सपना हुआ करते थे फिर वो राम मंदिर का निर्माण हों, पावागढ कलिका मंदिर का पुनःनिर्माण, केदारनाथ का जीर्णोद्धार, सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, पौराणिक मंदिर गोपुरम का जीर्णोद्धार, काशी विश्वनाथ कारिडोर का निर्माण, बद्रीनाथ का विकास अयोध्या मंदिर का निर्माण, द्वारकाधीश मंदिर का जीर्णोद्धार हों या उज्जैन का महाकाल मंदिर का जीर्णोद्धार हों। इस मोके पर विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने सभी लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की राम मंदिर के लिए चले बहुत आंदोलन हुए लेकिन एक संकल्प था की राम मंदिर बनाना है और आज उन सभी के त्याग, बलिदान और संघर्ष से ये स्वप्न साकार हो रहा है।

# बनुवाल समाज ने पुलिस आयुक्त से शिष्टाचार भेंट किया

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव) आईपीएस** राकेश कुमार आर्य के फरीदाबाद पुलिस आयुक्त के तौर पर उनके फरीदाबाद आगमन पर बनुवाल समाज के लोगों ने उनका हार्दिक अभिनंदन करते हुए गुलदस्ता भेंट किया। इस अवसर पर भाटिया सेवक समाज के प्रेसिडेंट मोहन सिंह भाटिया, ऑल इंडिया बनवाल बिरादरी के एक्स प्रेसिडेंट बहादर सिंह सभरवाल, बनुवाल बिरादरी प्रेसिडेंट राजेश भाटिया, सर्व गुरूद्वारा कमेटी फरीदाबाद के सचिव रविंद्र सिंह राणा, बनुवाल बिरादरी सरपरस्त वेद भाटिया, धर्मार्थ अस्पताल से केवल खत्री, एनआईटी 3उ गुरुद्वारा प्रेसिडेंट इंद्रजीत सिंह सैनी, पोथीमाला साहिब



गुरुद्वारा प्रेसिडेंट जोगिंदर सिंह, अजय नाथ जी, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप खत्री, हरजीत सिंह व दलजीत सिंह मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बनुवाल समाज के सदस्यों ने आज पुलिस आयुक्त का अभिनंदन करने के लिए सेक्टर 21 स्थित उनके कार्यालय में उनसे भेंट की ओर उनका फरीदाबाद आगमन पर स्वागत करते हुए गुलदस्ता भेंट किया। पुलिस आयुक्त ने भी समाज के सभी लोगों का स्वागत किया और विभिन्न विषयों के बारे में उनसे बातचीत की। समाज के लोगों ने कहा कि उन्हें पुलिस आयुक्त से पूरी तरह उम्मीद है कि वह फरीदाबाद में कानून व शांति व्यवस्था पूरी तरह काम रखेंगे। पुलिस आयुक्त ने कहा कि समाज का विकास समाज के सभी वर्गों के लोगों से मिलकर होता है इसीलिए सभी लोगों को मिलजुल कर रहना चाहिए। समाज में कानून व शांति व्यवस्था कायम करने के लिए पुलिस को समाज के लोगों के सहयोग की आवश्यकता होती है और समाज के मौजीज व्यक्तियों का शांति बनाए रखने में अहम योगदान रहता है क्योंकि समाज के लोग उनकी बात सुनते हैं और जैसा उनके नेता उनको पथ प्रदर्शित करते हैं उसी रास्ते पर समाज के लोग अग्रसर होते हैं। इसलिए समाज के विभिन्न संगठनों के प्रधान या नेताओं को शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए एक दूसरे वर्ग का सहयोग करना चाहिए।

# एडीसी ने साइक्लोथॉन कार्यक्रमों की तैयारियों का लिया जायजा

टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद( हरपाल सिंह यादव )। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि नशे के दुष्प्रभाव व उससे होने वाली हानियों के बारे जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में आयोजित ह्लसाइक्लोथॉनह्व यानी जन जागरण साइकिल यात्रा का 6 सितंबर बुधवार को जिला फरीदाबाद में पहुचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। साथ ही हजारों की संख्या में जिलावासी इस यात्रा के भागीदार बनकर इस यात्रा को भव्य सफल बनाने का कार्य करेंगे। एडीसी आनन्द शर्मा ने आज मंगलवार को बल्लबगढ़ अनाज मंडी में आयोजित होने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था



का जायजा लिया। जहां मौके पर ही अधिकारियों को नशे के खिलाफ इस जन जागरण साइकिल यात्रा को भव्य स्वरुप देने के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि साइक्लोथॉन को भव्य रूप देने तथा ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा भी लोगों की सुरक्षा को देखते हुए सभी पुख्ता इंतजामात किए गए हैं। बता दें कि साइक्लोथॉन को लेकर स्कूल व कॉलेजों के बच्चों सहित जिला के युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि हरियाणा सरकार द्वारा यह पहल युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए ही शुरू की गई है। साइक्लोथॉन के दौरान जगह-जगह नशे के खिलाफ भव्य सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस साइक्लोथॉन में जिला के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी में भाग ले रहे हैं।

**क्या है साइकिल यात्रा का उद्देश्य**

इस जन जागरण साइकिल यात्रा का उद्देश्य हरियाणा को पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनाने व लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। नशे की बुराई को जड़ से खत्म करना और युवाओं को स्वस्थ एवं नशा मुक्त जीवन शैली के लिए प्रोत्साहित करना है। वहीं साइक्लोथॉन के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

यहां से गुजरेगी साइकिल यात्रा

यह यात्रा जिला स्थित गाँव बलूदा, धौज, पाली, बल्लभगढ़ तथा गदपुरी सहित विभिन्न गाँवों से गुजरकर पलवल जिला में प्रवेश करेगी। एडीसी ने जिला की स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा इस क्षेत्र से जुड़ी संस्थाओं का आह्वान किया है कि समाज में नशे की प्रवृति से छुटकारा दिलाने और युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए हर वर्ग का सहयोग जरूरी है। इसके लिए प्रशासन की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

# कृष्ण भगवान की शब्दावली श्रीमद्भागवत कथा में संपूर्ण ज्ञान अंकित हैं: शास्त्री

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** गढ़ी केसरी स्थित राधे कृष्ण मंदिर में कंठी माता सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमदभागवत कथा के पांचवे दिन कथावाचक कार्ष्णि बलदेव कृष्ण शास्त्री ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंग विस्तार से सुनाए। श्रीमद् भागवत के महत्व को समझाते हुए उन्होंने कहा कि कथा श्रवण करने से मानव जीवन में संस्कार का उदय होता है। जीवन में कितनी भी विकट परिस्थिति क्यों हों मुनष्य को अपना धर्म व संस्कार नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसकी भगवान के चरणों में प्रगाढ़ प्रीति है, वहीं



जीवन धन्य है। ईश्वर ने विभिन्न लीलाओं के माध्यम से जो आदर्श प्रस्तुत किया, उसे हर व्यक्ति को ग्रहण करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन मूल्यों के बारे में जानकारी मिलने के साथ-साथ अपने कर्तव्य को भी समझा जा सकता है। भागवत कथा की व्यवस्था में मनोज त्यागी, अशोक त्यागी, नीरज त्यागी, इंद्र पंडित, सचिन त्यागी, योगेश मुदगिल, सुरेश नंबरदार, प्रदीप कौशिक सहित गढ़ी केसरी के श्रद्धालु अपना सहयोग दे रहे हैं।

# नरेला में बह रही भागवत रस की धारा

## कथा व्यास गौरव कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने नारद व्यास संवाद, पांडव चरित्र एवं शुकदेव आगमन की कथा सुनाई

















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी** दिल्ली के नरेला में श्री श्याम नवयुवक मंडल (रजि.) की ओर से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। भव्य पंडाल में आयोजित हो रही इस कथा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुँच रहे हैं। नरेला स्थित नई अनाज मंडी में चल रही इस कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

### कथा का दूसरा दिन - नारद संवाद संवाद, पांडव चरित्र और शुकदेव आगमन रहे मुख्य प्रसंग

कथा के दूसरे दिन मंगलवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रख्यात कथावाचक गौरव कृष्ण गोस्वामी जी ने व्यास पीठ से नारद व्यास संवाद, पांडव चरित्र एवं शुकदेव आगमन की कथा का प्रसंग बहुत ही मनमोहक अन्दाज में प्रस्तुत किया। बीच- बीच में कई बार ऐसे भी पल आये जब श्रोता भाव विभोर हो उठे। कथा के दौरान गोस्वामी जी ने श्रोताओं को हिंदू धर्म-संस्कृति में श्रीमद भागवत कथा के महत्व को भी समझाया। साथ ही छोटे छोटे प्रसंगों से उदाहरण देते हुए बताया की कैसे इसे हम अपने जीवन में आत्मसात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का 7 दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है। वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। उन्होंने शुकदेव आगमन की कथा प्रसंग विस्तार से सुनते हुए कहा कि क्रमिक मुनि के पुत्र द्वारा दिए गए श्राप की जानकारी मिलने पर राजा परीक्षित ने विद्वानों को अपने दरबार में बुलाया और उनसे राय मांगी। उस समय विद्वानों ने उन्हें शुकदेव का नाम सुझाया और इस प्रकार सुखदेव का आगमन हुआ। पांडव प्रसंग पर उन्होंने कहा कि जब आप धर्म अथवा सत्य के मार्ग पर होते हैं, तो आपके जीवन में अनेक विघ्न-बाधाएं उपस्थित हो जाती हैं। कुछ लोग उन विघ्न बाधाओं से बचने के लिए असत्य का वर्णन कर लेते हैं, पर जिन लोगों द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य का दामन नहीं छोड़ा जाता है फिर उनका हाथ हमारे प्रभु द्वारा पकड़ लिया जाता है। जो सत्य मार्ग का अनुगामी है, उसका साथ प्रभु द्वारा कदम-कदम पर दिया जाता है। यही सत्य मार्ग पर चलने वाले पांडवों के जीवन से हमें सीख मिलती है। उन्होंने पांडवों के चरित्र का भावपूर्ण सरल शब्दों में वर्णन किया कि उपस्थित लोग भाव विभोर हो गए।

### ये लोग रहे मौजूद

कथा उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके नरेला के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सुरेश कौशिक, अर्चित गर्ग, आशु जिन्दल, ऋषभ बंसल, सौरभ गर्ग, मुकुल बंसल, हिमांशु गोयल, ऋषभ गर्ग, राहुल बंसल, आदित्य गुप्ता, हिमांशु गोयल, चिराग गुप्ता, हर्ष मंगला, दीपक कौशिक, गौतम बंसल, कमल, इशांत गर्ग सहित बड़ी संख्या में आयोजन समिति से जुड़े लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे।



उत्तराखंड के बागेश्वर विधानसभा सीट बीते 26 अप्रैल को पूर्व कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास के निधन के बाद खाली हुई थी। जिसके लिए मंगलवार को मतदान हुआ।

## माफिया की 91 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

**गाजियाबाद:** ग्रामीण जोन पुलिस ने भूमाफिया एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधी महबूब अली की अवैध रूप से अर्जित की गयी लगभग 26 करोड़ रुपये की अचल सम्पत्ति मंगलवार को गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुर्क की। एसीपी ने मंगलवार को बताया कि थाना ट्रोनिका सिटी के अंतर्गत पावी सादकपुर के रहने वाले महबूब अली के धोखाधड़ी, मारपीट, अपहरण, जमीन पर कब्जा करने, गुंडा एवं गैंगस्टर अधिनियम के कुल 20 अभियोग पंजीकृत हैं।

## उत्तराखंड के 17 शिक्षकों को मिला शैलेश मटियानी पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**कार्यक्रम** में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत भी मौजूद रहे। वहीं, सीएम धामी ने पुरस्कार की धनराशि बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शैलेश मटियानी पुरस्कार की धनराशि को 10,000 से बढ़ाकर 21,000 किया गया है। बता दें कि शिक्षा विभाग की ओर से शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार 2022 की घोषणा इस साल फरवरी में की गई थी, लेकिन इन पुरस्कारों के लिए चयनित शिक्षकों को पुरस्कृत नहीं किया जा सका था।

# कुत्ते के काटने से बच्चे की मौत

> बेटे को अजीबो-गरीब दिक्कतें होनी शुरू हो गईं। उसको पानी देखने से डर लगने लगा। खाना-पीना बंद कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**

गाजियाबाद में कुत्ते के काटने से 14 साल के बच्चे की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। एम्स से लेकर तमाम बड़े हॉस्पिटलों ने उसको लाइलाज घोषित कर दिया। बच्चे ने एम्बुलेंस में अपने पिता की गोद में दम तोड़ दिया। पीड़ित परिजनों की मांग है कि जिस महिला ने



कुत्ता पाल रखा है, उस पर कड़ी कार्रवाई हो। याकूब मेहनत मजदूरी करते हैं। याकूब का बेटा शाहवेज (14) कक्षा आठ में पढ़ता था। चार दिन पहले 1 सितंबर को बेटे को अजीबो-गरीब दिक्कतें होनी शुरू हो गईं। उसको पानी देखने से डर लगने लगा। खाना-पीना बंद कर दिया। कभी-कभी भौंकने जैसे आवाजें भी मुंह से निकलने लगीं। फैमिली ने कुछ डॉक्टरों को दिखाया तो पता चला कि उसे कुछ समय पहले किसी कुत्ते ने काटा, जिसका इंफेक्शन अब ज्यादा फैल गया है।

**डेढ़ महीने पहले कुत्ते ने काटा था:** बच्चे के दादा मतलूब अहमद ने बताया, "हमने पोते से जब पूछा तो उसने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले पड़ोस में रहने वाली आंटी के कुत्ते ने उसको काट लिया था। डर के मारे उसने ये बात घर पर नहीं बताई। जिस वजह से बच्चे को तुरंत उचित इलाज नहीं दिया जा सका। जब बच्चे में लक्षण दिखने शुरू हो गए, तब हमें पता चला।"

**पर्यटन** प्राथमिकता के आधार पर पर्यटन स्थलों का विकास कर उससे सुगम बनाने की कार्ययोजना

# पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने राज्य में लागू है पर्यटन नीति 2020

**विकास कार्य**

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**


**मुख्यमंत्री** भूपेश बघेल के निर्देशन में राज्य शासन द्वारा पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने हेतु "छत्तीसगढ़ पर्यटन नीति 2020 " का राजपत्र में प्रकाशन दिनांक 18 अप्रैल 2020 से कर इसे 5 वर्ष के लिए लागू किया गया है। छत्तीसगढ़ (छग) पर्यटन नीति 2020 में स्थानीय उद्यमियों एवं निजी निवेशकों हेतु पर्यटन प्रोत्साहन, पी.पी.पी. मॉडल पर पर्यटन विकास के लिए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। साथ ही राज्य के समस्त जिलों में



चिन्हांकित पर्यटन स्थलों में से प्राथमिकता के आधार पर पर्यटन स्थलों का विकास कर उससे सुगम बनाने की कार्ययोजना है। जल पर्यटन-प्रदेश में जल पर्यटन की पर्याप्त संभावनाओं को देखते हुए प्रदेश के 09 जलाशयों यथा मुरूमसिल्ली, गंगरेल डैम धमतरी, हसदेव बांगो जलाशय कोरबा, संजय गांधी जलाशय (खूटाघाट) रतनपुर, सरोधा जलाशय कबीरधाम, समोधा बैराज, कोडार जलाशय रायपुर मनालिया जलाशय गौरेला और दुधावा जलाशय कांकेर का चयन

> पर्यटन प्रोत्साहन, पी.पी.पी. मॉडल पर पर्यटन विकास के लिए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं

किया गया है। राम वनगमन पथ-छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पथ में आने वाले 75 स्थलों का चयन किया गया है । तुरतुरिया, चन्दरखुरी, राजिम, सिहावा सप्तऋषि आश्रम, जगदलपुर एवं रामाराम के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए 162 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है।

MARUTI
nandan printers
8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE
CTP UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546